# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला**

**अर्थशास्त्र ( Economics )**

**SET-1**

# ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न ( Objective Questions )

प्रश्न संख्या 1 से 40 तक, प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर का चुयन करें। **40 x 1 = 40**

Select the Correct Answer of each Question from Question No. 4 to 40.

1.सामान्यत: एक वस्तु का मांग वक्र होता है

(i) X - अक्ष के समान्तर (ii) Y- अक्ष के समानान्तर

(iii) बाये से दाये नीचे को गिरता हुआ (iv) दायें से बाये ऊपर को चढ़ता हुआ

Generally a demand curve of commodity is:

(i) Parallel to x-axis (ii) Parallel to y-axis

(iii) Downward sloping from left to right (iv) Upward sloping from right to left

2. मांग का नियम लागू नही होता जब

(i) अन्य वस्तुओं की कीमत बदल जाती है (ii) वस्तु की गुणवत्ता में परिवर्त्तन होता है

(iii) फैशन बदल जाता है (iv) इनमें से सभी

The law of demand is not applicable when

(i) Price of other commodities changes (ii) Quality of commodity changes

(iii) Change in fashion (iv) All of these

3. किसी वस्तु की मांग प्रभावित होती है

(i) उपयोगिता से (ii) उत्पादकता से (iii) लाभदायकता से (iv) इनमें से कोई नहीं

Demand for any commodity is affected from

(i) Utility (ii) Productivity (iii) Profitability (iv) None of these

4. काफी के मूल्य में वृद्धि होने पर चाय की मांग

(i) बढ़ती है (ii) घटती है (iii) आपरिवर्तित रहती है (iv) इनमें से कोई नहीं

When price of coffee increase the demand for tea

(i) Increases (ii) decreases (iii) Unchanged (iv) None of these

5. पेट्रोल के मूल्य में वृद्धि से कार की मांग में

(i) वृद्धि (ii) कमी (iii) स्थिर (iv) अप्रभावित

Due to increase in Patrol the demand for car will

(i) Increase (ii) Decrease (iii) Keep constant (iv) No effect

6. सेव के मूल्य में वृद्धि के कारण सेव की मांग में

(i) कमी (ii) विस्तार (iii) वृद्धि (iv) अप्रभावित

Due to increase in price of apple the demand for apple will

(i) Decrease (ii) Extend (iii) Increase (iv) No effect

7. अद्यौगिक विकास के कारण मजदूरी की मांग में वृद्धि उदाहरण है

(i) आय मांग (ii) क्रास मांग (iii) व्युत्पन्न मांग (iv) प्रतियोगी मांग

Increase is the demand for wages due to industrial development is an example of

(i) Income demand (ii) Cross demand

(iii) Derived demand (iv) Competitive demand

8. अल्पकाल में -------------- साधनों में कोई परिवर्त्तन नहीं होता

(i) स्थिर (ii) परिवर्त्तनशील (iii) मानवीय (iv) भौतिक

In short period there is no change in ---------------factors.

(i) Fixed (ii) Variable (iii) Human (iv) Physical

9. आधुनिक अर्थशास्त्र ने ----------------- के नियम को ईजाद किया

(i) उत्पति वृद्धि नियम (ii) उत्पति ह्रास नियम

(iii) उत्पति समता नियम (iv) परिवर्तित अनुपात नियम

Modern economics have propounded the law of ----------------

(i) Increasing Return (ii) Decreasing Return

(iii) Constant Return (iv) Variable Proportion

10. ----------- उत्पादन के सभी साधनों में परिवर्तन संभव है।

(i) अल्पकाल (ii) दीर्घकाल (iii) मध्यवर्ती काल (iv) बाजार काल

In the -------------- Change in all factors of production is possible

(i) Short period (ii) Long period (iii) Intermediate period (iv) Market period

11. कुल उत्पाद

परिवर्तनशील साधन की इकाई

उपरी फार्मूला -------------- को हल करने में उपयोग होता है

(i) कुल उत्पादन (ii) औसत उत्पादन (iii) सीमांत उत्पाद (iv) वार्षिक उत्पाद

Total Product

Units of variable factors

The above formula is used to calculate ---------------------

(i) Total Product (ii) Average Product

(iii) Marginal Product (iv) Annual Product

12. व्यष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन है

(i) राष्ट्रीय आय का (ii) राष्ट्रीय उत्पादन का

(iii) एक विशिष्ट फर्म का (iv) इनमें से सभी

Micro-economics is the study of

(i) National income (ii) National Production

(iii) A particular firm (iv) All of these

13. निम्न में से किसमें निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र का सह अस्तित्व होता है?

(i) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था (ii) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(iii) मिश्रित अर्थव्यवस्था (iv) इनमें से कोई नहीं

In which of the following, that is coexistence of both private and public sector?

(i) Capitalist economy (ii) Socialist economy

(iii) Mixd economy (iv) Non of these

14. उत्पादन समभावना वक्र की अवधारणा जुड़ी है

(i) सेंम्यूल्सन से (ii) मार्शल से

(iii) हिक्स से (iv) रॉबिन्स से

The concept of production possibility curve is associated with

(i) Samuelson (ii) Marshall
(iii) Hicks (iv) Robbins

15. निम्नांकित में सेवा के उदाहरण है
(i) चिकित्सकों के कार्य (ii) अध्यापकों के कार्य
(ii) वकीलों के कार्य (iv) इनमें सभी

Which of the following is the example of service
(i) Work of doctors (ii) work of teachers
(iii) Work of Lawyers (iv) All of these

16. निम्नांकित में से कौन आर्थिक वस्तु है?
(i) टेलीविजन (ii) हवा (iii) सूर्य की रोशनी (iv) नदी का पानी

Which one is economic good in the following?
(i) Television (ii) Air (iii) Sunlight (iv) Water of river

17. दुर्लभता की समस्या इसलिए है क्योंकि हमारे साधन है
(i) असीमित (ii) सीमित (iii) प्रर्याप्त (iv) बहुत ज्यादा

Scarcity problem arises because our resources are
(i) Unlimited (ii) Limited (iii) Sufficient (iv) Vast

18. किस प्रकार की अर्थव्यवस्था को मूल आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है
(i) पूंजीवादी (ii) समाजवादी (iii) मिश्रित (iv) सभी

Which type of economy has to face the basic economic problem?
(i) Capitalistic (ii) Socialistic (iii) Mixed (iv) Every

19. सभी आर्थिक समस्याओं के कारण है
(i) असीमित इच्छाएँ (ii) सीमित साधन (iii) विभिन्न प्रधानता (iv) इनमें सभी

All economic problems are due to
(i) Unlimited wants (ii) Limited means
(iii) Different priorities (iv) All of these

20. निम्न में से कौन धन की विशेषता है?
(i) उपयोगिता (ii) सीमितता (iii) विनिमय-साध्यता (iv) इनमें से सभी

Which one is the characteristics of wealth?
(i) Utility (ii) Scarcity (iii) Exchangeability (iv) All of these

21. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या क्या है?
(ii) साधनों का आवंटन (ii) साधनों का कुशलतम प्रयोग
(iii) आर्थिक विकास (iv) इनमें से कोई नहीं

What is the central problem of an economy?
(i) Allocation of resources (ii) Optimum use of resources
(iii) Economic development (iv) None of these

22. उत्पादन संभावना वक्र का ढ़ाल गिरता है
(i) नीचे से ऊपर (ii) दाये से बायें
(iii) बायें से दाये (iv) ऊपर से नीचे

The production possibility curve slopes
(i) from below to above (ii) from right to left

(iii) from left to right (iv) from above to below

23. एक देश का आर्थिक विकास निर्भर करता है

(i) पूंजी संसाधन (ii) बाजार का आकार

(iii) प्राकृतिक खनिज (iv) इनमें सभी

A county development depends

(i) Capital resource (ii) Size of market

(iii) Natural mines (iv) All of these

24. एक समाजवादी अर्थव्यवस्था का मूल उद्देश्य होता है

(i) लाभ आर्जित करना (ii) गलाकाट प्रतियोगिता

(iii) नियंत्रण मुक्त व्यवस्था (iv) अधिकतम लोक कल्याण

The main objective of a socialist economy

(i) To earn profit (ii) Cut-throat competition

(iii) Control free economy (iv) Maximum social welfare

25. उपभोक्ता व्यवहार पढ़ा जाता है-

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में (ii) समाष्टि अर्थशास्त्र में

(iii) (अ) और (ब) दोनों में (iv) इनमें से किसी में नहीं

Consumer’s behaviour is studied in

(i) Micro economics (ii) Macro economics

(iii) (i) and (ii) both (iv) None of these

26. उपयोगिता की माप की जा सकती है

(i) वस्तुओं के विनियम द्वारा (ii) वस्तु के चमक द्वारा

(iii) मुदा द्वारा (iv) इनमें से कोई नहीं

Utility is measured by

(i) Exchange of commodities (ii) Sale of commodity

(iii) By Money (iv) Non of these

27. गोसेन का प्रथम नियम क्या है?

(i) मांग का नियम (ii) सम-सीमान्त उपयोगिता नियम

(iii) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम (iv) उपभोक्ता की बचत

Which is the first law of Gossen?

(i) Law of demand (ii) Law of equi-marginal Utility

(iii) Law of diminishing marginal utility (iv) Consumer’s surplus

28. सम-सीमांत उपयोगिता नियम के प्रतिपादक है

(i) गोसेन (ii) पीगू (iii) एडम स्मिथ (iv) रिकार्डो

Law of equi-marginal utility is propounded by

(i) Gossen (ii) Pigou (iii) Adam Smith (iv) Ricardo

29. सीमान्त उपयोगिता की गणना हम करते है

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

We calculate Marginal utility as

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

30. जब कुल उपयोगिता (TU) अधिकतम होता है तब सीमांत उपयोगिता (MU) होता है

(i) धनात्मक (ii) ऋणात्मक (iii) शून्य (iv) इनमें से कोई नहीं

When Total Utility (TU) becomes maximum then marginal utility is

(i) Positive (ii) Negative (iii) Zero (iv) None of these

31. निम्न में से कौन सत्य है

(i) TU तब तक उच्चतम होता है जब तक MU धनात्मक रहता है।

(ii) TU तब उच्चतम होता है जब MU शून्य के बराबर हो जाता है।

(iii) TU तब गिरने लगता है जब MU ऋणात्मक होने लगता है

(iv) उपर्युक्त सभी

Which of the following is true

(i) TU increases till MU is positive (ii) TU is maximum when MU is equal to zero (iii) TU decreases when MU is negative (iv) All of the above

32. उदासीनता वक्र होता है

(i) उद्‌गम की ओर उत्तल (ii) उद्‌गम की ओर अवतल

(iii) (अ) और (ब) दोनो सत्य (iv) सभी असत्य

Indifference curve is

(i) Convex to the origin (ii) Concave to the origin

(ii) Both (a) and (b) (iv) All of these

33. उपयोगिता का गणना वाचक सिद्धांत किसने दिया

(i) मार्शल (ii) पीगु (iii) हिक्स (iv) रॉबिन्स

Who gave the cardinal concept of utility?

(i) Marshall (ii) Pigou (iii) Hicks (iv) Ricardo

34. एक उपभोक्ता के रूप में आप

(i) उपयोगिता को अधिकतम करेगें (ii) अधिक से अधिक वस्तुए खरीदेगें

(iii) उत्पादन लागत कम करेगें (iv) वस्तु खरीदना पसंद नहीं करेगें

As a consumer you will

(i) Maximize utility (ii) Purchase more and more commodity

(iii) Reduce production cost (iv) Not like to purchase commodity

35. मांग के लिए होना जरूरी है-

(i) वस्तु की इच्छा (ii) साधन (iii) खर्च करने की तत्परता (iv) इनमें से सभी

For demand it is essential

(i) Willing for commodity (ii) Resource

(iii) Will to spend (iv) All of these

36. जब किसी वस्तु के मूल्य में कमी आती है तब

(i) मांग बढ़ती है (ii) मांग घटती है

(iii) मांग स्थिर रहती है (iv) मांग बढ़ती और घटती भी है

When price of a commodity decreases then

(i) Demand increases (ii) Demand decreases

(iii) Demand constant (iv) Demand increases and also decreases

37. गिफिन वस्तुएँ किस प्रकार की होती है

(i) विशिष्ट (ii) श्रेष्ठ (iii) सामान्य (iv) निकृष्ट

The type of given good is

(i) Special (ii) superior (iii) Normal (iv) Inferior

38. मांग और मूल्य में संबंध होता है

(i) विपरीत (ii) प्रत्यक्ष

(iii) (अ)तथा (ब) दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं

The relationship between demand and price is

(i) Inverse (ii) Direct (iii) both (a) r (b) (iv) Non of these

39. मांग का नियम व्यक्त करता है

(i) वस्तु की कीमत एवं मांगी गई मात्रा के बीच संबंध को

(ii) दो वस्तुओं की कीमत संबंध को

(iii) उपभोक्ता की आय तथा मांगी गई मात्रा के बीच संबंध को

(iv) इनमें से कोई नहीं

The law of demand express

(i) The relationship between quantity demand and price of commodities

(ii) Price relationship of two commodities

(iii) The relationship between consumer's income and quantity demanded

(iv) None of these

40. मांग का नियम लागू नहीं होता है

(i) आरामदायक वस्तुओं पर (ii) विलासिता की वस्तुओं पर

(iii) आवश्यक वस्तुओं पर (iv) निम्न कोटि की वस्तुओं पर

The law of demand not applicable on

(i) Comfort goods (ii) Luxurary goods

(iii) Necessities (iv) Inferior goods

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type Questions)

**प्रश्न** 1.) उत्पादन संभावना वक्र (PPC) से क्या समझते है? यह दाहिनी ओर कब खिसकता है?

**प्रश्न** 2.) भारत के भुगतान शेष के घटकों का वर्णन करें।

**प्रश्न** 3.) केन्द्रीय समस्याएँ क्या है और ये क्यों उत्पन्न होती है?

**प्रश्न** 4.) मुद्रा से क्या तात्पर्य है?

**प्रश्न** 5.) कुल उपयोगिता (TU) एवं सीमांत उपयोगिता (MU) में अंतर स्पष्ट करें।

**प्रश्न** 6.) सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम की व्याख्या करें |

**प्रश्न** 7.) माँग से क्या समझते है? माँग को कौन-कौन से तत्व प्रभावित करते है?

**प्रश्न** 8.) बाजार किसे कहते है? इसकी क्या-क्या विशेषताएँ है?

**प्रश्न** 9.) प्रतिस्थापन वस्तु एवं पूरक वस्तु में अंतर स्पष्ट करें |

**प्रश्न** 10.) माँग के नियम की क्या मान्यताएँ है? क्या मान्यता में परिवर्तन की माँग की रेखा पर कोई प्रभाव पड़ता है?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LONG ANSWER QUESTION)

**प्रश्न** 1 व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र कैसे एक दूसरे पर निर्भर है? उदाहरण सहित समझाइए।

**प्रश्न** 2) सकल निवेश क्या है? सकल निवेश की गणना कैसे की जाती हैं।

**प्रश्न** 3) एकाधिकार एवं एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता को परिभाषित करें।

**प्रश्न** 4.) वस्तुओं एवं सेवाओं में अंतर बताइए।

**प्रश्न** 5.) निम्नलिखित ऑकडों से आय विधि के द्वारा बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद की गणना कीजिए।

| | | करोड़ (रू0) |
|---|---|---|
| i) | मजदूरी व वेतन | 800 |
| ii) | ब्याज | 200 |
| iii) | मूल्यह्रास | 60 |
| iv) | विदेशों में शुद्ध साधन आय | -15 |
| v) | आर्थिक सहायता | 100 |
| vi) | लाभ | 500 |
| vii) | अप्रत्यक्ष कर | 200 |
| viii) | ब्याज | 50 |

## उत्तरमाला (SET-1)
## विषय- अर्थशास्त्र (Economics)

1. (iii) 2. (iv) 3. (iv) 4. (i) 5. (ii) 6. (i) 7. (iii) 8. (i) 9. (iv) 10. (ii) 11. (ii) 12. (iii) 13. (iii) 14. (i) 15. (iv) 16. (i) 17. (ii) 18. (iv) 19. (iv) 20. (iv) 21. (iv) 22. (ii) 23. (iv) 24. (iv) 25. (i) 26. (iii) 27. (ii) 28. (i) 29. (i) 30. (ii) 31. (iv) 32. (i) 33. (i) 34. (i) 35. (iv) 36. (i) 37. (iv) 38. (i) 39. (i) 40. (iv)

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type Questions)

**प्रश्न** 1.) उत्पादन संभावना वक्र (PPC) से क्या समझते है? यह दाहिनी ओर कब खिसकता है?
**उत्तर** - उत्पादन संभावना वक्र (PPC) उपलब्ध संसाधन एवं तकनीक पर वस्तु X एवं Y के उत्पादन की

विभिन्न संभावनाओं का दर्शाता है। यह दाहिनी ओर तब खिसकता है जब:
(i) संसाधन में वृद्धि होती है
(ii) अधिक सक्षम तकनीक के उपयोग होते है।

**प्रश्न** 2.) भारत के भुगतान शेष के घटकों का वर्णन करें।
**उत्तर** - भारत के भुगतान शेष के चार घटक हैं:-

- व्यापार शेष = निर्यात - आयात
- चलू खाते का शेष = व्यापार शेष + निवल अदृश्य मदें
- पूँजी खाते का शेष अथवा पूँजी खाते का योग = विदेशी निवेश (निवल) + विदेशी ऋण (निवल) + बैंकिंग (निवल) + रूपये ऋण सेवा + अन्य पूँजी (निवल) + भूल - चूक
- समग्र शेष = चालू खता - शेष + पूँजी खाता - शेष

**प्रश्न** 3.) केन्द्रीय समस्याएँ क्या है और ये क्यों उत्पन्न होती है ?
**उत्तर**- केन्द्रीय समस्याएँ निम्न हैं।

(क) क्या उत्पादन हो?: उत्पादन के विभिन्न वस्तुओं सं संबंधित चयन की समस्या।
(ख) कैसे उत्पादन हो? उत्पादन तकनीक से संबंधित चयन की समस्या।
(ग) किसके लिए उत्पादन हो?: वस्तुओं के उपयोग करनेवालों के चयन वितरण से संबंधित समस्या।

ये सभी समस्याएँ प्रत्येक अर्थव्यवस्था की है। ये समस्याएँ उत्पन्न होती है क्योंकि : (i)असीमित आवश्यकताओं की तुलना में साधन सीमित है। (ii) साधनों के वैकल्पिक उपयोग संभव है।

**प्रश्न** 4.) मुद्रा से क्या तात्पर्य है?

**उत्तर** – कोई भी वस्तु जो सामान्य रूप से विनिमय के माध्यम के रूप में स्वीकार की जाती है और साथ ही मूल्य के माप व संचय का काम भी करती है, मुद्रा कहलाती है।

सरल शब्दों में, मुद्रा एक ऐसी वस्तु है जो मुख्य रूप से चार कार्य करती है: विनिमय का माध्यम, मूल्य का माप, भावी भुगतान का मान, और मूल्य का संचय |

**प्रश्न** 5.) कुल उपयोगिता (TU) एवं सीमांत उपयोगिता (MU) में अंतर स्पष्ट करें।

**उत्तर** – उपभोग की गई सभी इकाईयों से प्राप्त सीमांत उपयोगिता के कुल योग को हम कुल उपयोगिता (TU) कहते है।

उपभोग करने वाली प्रत्येक अगली या अंतिम इकाई से प्राप्त उपयोगिता को सीमांत उपयोगिता (MU) कहते है।

**दोनों में मुख्य अंतर है:**

(a) जब MU गिरती है तो TU बढ़ती है घटती दर से।

(b) जब MU शून्य होती है तो TU अधिकतम होती है।

(c) जब MU ऋणात्मक होती है तो TU घटती है।

**प्रश्न** 6.) सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम की व्याख्या करें

**उत्तर** – सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम यह बताता है कि जब हम किसी वस्तु का उपयोग करते है तो उपभोग करने वाली हर अगली इकाई से मिलने वाली उपयोगिता घटती जाती है। इस नियम की दो मूल मान्यताएँ है! (i) सही मात्रा का ही प्रयोग होना चाहिए, जैसे एक कप चाय (एक चम्मच चाय नहीं), एक गिलास पानी (न कि एक बूँद पानी)

(ii) उपभोग की क्रिया लगातार होनी चाहिए।

**प्रश्न** 7.) माँग से क्या समझते है? माँग को कौन-कौन से तत्व प्रभावित करते है।

**उत्तर** – माँग वस्तु को क्रय करने की वैसी इच्छा को बताता है जिसेक लिए हमारे पास पर्याप्त साधन हो।

मांग को प्रभावित करने वाले तत्व:

(i) वस्तु का मूल्य (ii) संबंधित वस्तुओं का मूल्य

(ii) उपभोक्ता की पसंद

(iii) उपभोक्ता की आय

(iv) भविष्य में मूल्य परिवर्तन की संभावना

**प्रश्न** 8.) बाजार किसे कहते है? इसकी क्या-क्या विशेषताएँ है।

**उत्तर** – मांग के निर्धारक तत्व निम्नलिखित हैं-

बोलचाल की भाषा में बाजार शब्द से उस स्थान विशेष का बोध होता है जहाँ पर वस्तुओं को क्रय-विक्रय होता है। परंतु अर्थशास्त्र में बाजार का व्यापक अर्थ होता है। अर्थशास्त्र चैपमैन के अनुसार ''बाजार शब्द का अर्थ आवश्यक रूप से कोई स्थान विशेष नहीं होता, वरन सर्वध वस्तु या वस्तुओं तथा उनके क्रेताओं और विक्रेताओं से संबंधित है, जो आपस में अप्रत्यक्ष रूप से प्रतियोगिता करते है।

बाजार की विशेषताएँ – (i) वस्तु (ii) क्षेत्र (iii) क्रेता स्वं विक्रेता (iv) पूर्ण प्रतियोगिता (v) एक मूल्य

**प्रश्न** 9.) प्रतिस्थापन वस्तु एवं पूरक वस्तु में अंतर स्पष्ट करें

**उत्तर** – प्रतिस्थापन वस्तु वो वस्तुएं होती है जिनका हम एक-दूसरे के बदले पर प्रयोग कर सकते है यानि ये आपस में परिवर्तनशील होते है। यदि किसी वस्तु का मूल्य बढ़ता है तो उसकी प्रतिस्थापना वस्तु की मांग बढ़ जाती है। उसी प्रकार यदि किसी वस्तु के मूल्य में कमी आती है तो इसकी प्रतिस्थापना वस्तु की मांग घट जाती है। उदाहरण स्वरूप-चाय-कॉफी, चीनी- गुड़।

पूरक वस्तुएँ वे वस्तुएँ है जिनका प्रयोग साथ-साथ होता है। यदि किसी वस्तु का मूल्य बढ़ जाए तो उसकी पूरक वस्तु की मांग घट जाती हैं इसके ठीक विपरीत यदि वस्तु का मूल्य घट जाए तो पूरक वस्तु की मांग बढ़ जाएगी। उदाहरण स्वरूप कार एवं पेट्रोल, पेन एवं स्याही।

**प्रश्न** 10.) माँग के नियम की क्या मान्यताएँ है? क्या मान्यता में परिवर्तन का माँग की रेखा पर कोई प्रभाव पड़ता है?

**उत्तर** – मांग की रेखा इसकी मान्यताओं पर ही निर्भर करती है। ये मान्यताएँ निम्न है

(i) उपभोक्ता की आय स्थिर होती है

(ii) उपभोक्ता के स्वाद एवं पसंद में कोई परिवर्तन नहीं होते

(iii) निकट भविष्ट में मूल्य परिवर्तन की संभावना नहीं होती है

(iv) संबंधित वस्तुओं के मूल्यों में कोई परिवर्तन नहीं होते यदि इनमें से किसी भी मान्यता में परिवर्तन होता है तो मांग की रेखा में परिवर्तन होता है या तो आगे की ओर या पीछे की ओर। आगे की ओर रेखा उसकी मूल्य पर मांगी गई अधिक मात्रा को दर्शाता है और पीछे की ओर की रेखा उसी मूल्य पर मांगी गई कम मात्रा को दर्शाता है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (LONG ANSWER QUESTION)

**प्रश्न** 1 व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र कैसे एक दूसरे पर निर्भर है? उदाहरण सहित समझाइए।

**उत्तर** – व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र में कुछ अंतर होते हुए भी ये सर्वथा एक-दूसरे से अलग नहीं है और नहीं ये परस्पर विरोधी हैं, बल्कि ये तो एक-दूसरे के पूरक हैं। उदाहरण के लिए, सामान्य मजदूरी स्तर का निर्धारण समष्टि अर्थशास्त्र का विषय है, जबकि किसी एक उद्योग में मजदूरी दर का निर्धारण व्यष्टि अर्थशास्त्र का विषय है। किन्तु जब हम किसी एक उद्योग में मजदूरों की मजदूरी दर तय करेंगे तो उस पर समूचे देश के सामान्य मजदूरी स्तर का अवश्य ही प्रभाव पड़ेगा। इसी तरह देश के संपूर्ण उत्पादन व रोजगार स्तर का किसी उद्योग विशेष के उत्पादन व रोजगार स्तर पर प्रभाव पड़ेगा और देश के सामान्य कीमत स्तर का किसी एक वस्तु की कीमत पर प्रभाव पड़ेगा। परिवारों द्वारा उपभोग निश्चित ही व्यक्तिगत आय कर की दरो अथवा वस्तु पर करों से प्रभावित होता है। इस तरह समष्टि अर्थशास्त्र व्यष्टि अर्थशास्त्र को प्रभावित करता है।

दूसरी ओर, व्यष्टि अर्थशास्त्र भी समष्टि अर्थशास्त्र को प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए, विभिन्न व्यक्तिगत आर्थिक इकाइयों के उत्पादन पर ही देश का कुल उत्पादन स्तर और देश के विभिन्न व्यक्तियों की माँग पर ही समग्र माँग निर्भर करती है। अर्थव्यवस्था की कुल बचत व्यक्तिगत परिवारों के बचत प्रारूपों से प्रभावित होती हैं।

**प्रश्न** 2) सकल निवेश क्या है? सकल निवेश की गणना कैसे की जाती हैं।

**उत्तर** – एक अर्थव्यवस्था में एक निश्चित अवधि में कुल पूँजी निर्माण को सकल निवेश कहते हैं। इसमें

स्टॉक निवेश और सकल स्थिर पूँजी निवेश दोनों शामिल रहते हैं। स्टॉक निवेश कहते हैं। इस स्टॉक निवेश और सकल स्थिर पूँजी निवेश दोनों शामिल रहते हैं। स्टॉक निवेश से आशय है लेखावर्ष के अन्त में उत्पादक-उद्यमों के पास कच्चे माल और इन्वेंटरीज (निर्मित एवं अर्धनिर्मित माल) का स्टॉक। यह अर्थव्यवस्था में उत्पादन एवं उपभोग की प्रक्रियाओं को जारी रखने के लिए आवश्यक होता है। स्थिर पूँजी परिसम्पत्तियों जैसे मशीनरी, उपकरणों, इमारतों, परिवहन उपकरणों आदि के स्टॉक में वृद्धि को सकल स्थिर पूँजी निवेश कहा जाता है। इसे सकल पूँजी निर्माण भी कहा जाता है।

इस प्रकार सकल निवेश की गणना निम्नलिखित सूत्र के द्वारा की जा सकती है:-

सकल निवेश = स्टॉक निवेश + सकल स्थिर पूँजी निवेश

**प्रश्न** 3 **एकाधिकार एवं एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता को परिभाषित करें।**

**Define Monoply and Monopolistic Competition.**

**उत्तर** - जब बाजार में किसी-वस्तु अथवा सेवा का मात्र एक उत्पादक होता है तो उसे एकाधिकारी (Monopolist)

कहते है और इस एकाधिकारी का कोई दूसरा प्रतियोगी नहीं होता। इस प्रकार एकाधिकार का अर्थ है एक ही उत्पादक द्वारा किया गया उद्योग अथवा एक ही विक्रेता द्वारा किया गया विक्रय। एकाधिकार अंग्रेजी शब्द Mono + poly के मिलने से बना है Mono का अर्थ एकमात्र और Poly का अर्थ विक्रेता होता है। इस प्रकार एकाधिकार का अर्थ होता है एक मात्र विक्रेता। जब बाजार में किसी वस्तु का एक मात्र विक्रेता होता है उसे उस वस्तु या सेवा की पूर्ति पर पूर्ण नियंत्रण रहता है उसका कोई दूसरा प्रतियोगी नहीं होता है।

**एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता** - एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता का विचार प्रो० चैम्बरलिन की देन है। एकाधिकारिक प्रतियोगिता को प्रतियोगिता एवं एकाधिकार का मिश्रित रूप कहा जा सकता है। वास्तविक जीवन में अधिकांशत एकाधिकारिक प्रतियोगिता की स्थिति पाई जाती है। आधुनिक युग में यह देखा गया है कि एक ही वस्तु के अनेक उत्पादक होते है, जिनकी वस्तुएँ मिलती- जुलती हैं लेकिन एक रूप नहीं है। उनमें स्वरूप ट्रेडमार्क, पैकिंग आदि के कारण थोड़ा अंतर अवश्य पाया जाता है। इन उत्पादकों में अपने ब्राडो को बेचने के लिए निरंतर प्रतिस्पर्द्धा होती है। परंतु इस स्थिति में भी प्रत्येक उत्पादक को अपने ब्रांड की वस्तु के उत्पादन में एकाधिकार प्राप्त होता है। जैसे कॉलगेट टूथपेस्ट कॉलगेट कम्पनी ही बनाएगी कोई और नहीं। चारमीनार सिगरेट का उत्पादन चारमीनार कम्पनी ही करेगी और उसका उसपर एकाधिकार होगा। चूँकि प्रत्येक उत्पादक एकाधिकारी है परंतु उसके प्रतियोगीनी है, अत: चैमबरलिन ने इस स्थिति को एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता कहा है।

**प्रश्न** 4.) वस्तुओं एवं सेवाओं में अंतर बताइए।

**उत्तर**- 1) वस्तुओं के उत्पादन एवं उपभोग के बीच समय का अंतर हो सकता है। उदाहरण के लिए, एक कुर्सी का उत्पादन किसी एक विशेष समय बिंदु पर किया जाता है, किंतु इसका उपभोग कुछ समय के पश्चात किया जा सकता है। किंतु ऐसा सेवाओं के बारे में नहीं हो सकता। सेवाओं के उत्पादन एवं उपभोग के बीच समय का कोई अंतर नहीं होता है। उदाहरण के लिए, जैसे ही कोई अध्यापक अपने विद्यार्थीयों को पढ़ाना प्रारंभ करता है, उसकी इस अध्यापन सेवा का उसी समय विद्यार्थीयों द्वारा उपभोग भी किया जाता है। इसी प्रकार डाक्टरों, वकीलों, गायकों, बैंकिंग, बीमा आदि सेवाओं के बारे में भी होता है।

2) वस्तुओं के उपभोग को इसके उत्पादन के स्थान से अलग किया जा सकता है जबकि सेवाओं के उपभोग को इनके उत्पादन के स्थान से अलग नहीं किया जा सकता।

इस प्रकार संक्षेप में, वस्तुओं का उभोक्ताओं की सुविधा के समय एवं स्थान के अनुसार किया जा सकता है। किंतु सेवाओं का उपभोग तो अनिवार्य रूप से सेवा द्वारा निर्धारित समय और स्थान पर ही किया जा सकता है।

**प्रश्न** 5.) निम्नलिखित ऑकडों से आय विधि के द्वारा बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद की गणना कीजिए।

| | | करोड़ (रू0) |
|---|---|---|
| ix) | मजदूरी व वेतन | 800 |
| x) | ब्याज | 200 |
| xi) | मूल्यह्रास | 60 |
| xii) | विदेशों में शुद्ध साधन आय | -15 |
| xiii) | आर्थिक सहायता | 100 |
| xiv) | लाभ | 500 |
| xv) | अप्रत्यक्ष कर | 200 |
| xvi) | ब्याज | 50 |

हल: $GNP_{MP}$ = मजदूरी व वेतन + लगान + ब्याज

+ लाभ + मूल्यह्रास + अप्रत्यक्ष कर

- आर्थिक सहायता + विदेशों में शुद्ध साधन आय

$= 800 + 200 + 50 + 500 + 60 + 200 - 100 + (-15)$ करोड़ रू0

= 1695 करोड रू0

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला**

**अर्थशास्त्र** **( Economics )**

# SET-2

# Objective Question

प्रश्न संख्या 1 से 40 तक, प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर का चयन करें।

40 x 1 = 40

Select the correct Answer of each Question from Question no. 1 to 40.

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन है

(i) राष्ट्रीय आय का (ii) राष्ट्रीय उत्पादन का

(iii) एक विशिष्ट फर्म का (iv) इनमें से सभी

Micro-economics is the study of

(i) National income (ii) National Production

(iii) A particular firm (iv) All of these

2. निम्न में से किसमें निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र का सह अस्तित्व होता है?

(i) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था (ii) समाजवादी अर्थव्यवस्था

(iii) मिश्रित अर्थव्यवस्था (iv) इनमें से कोई नहीं

In which of the following, that is coexistence of both private and public sector?

(i) Capitalist economy (ii) Socialist economy

(iii) Mixd economy (iv) Non of these

3. उत्पादन समभावना वक्र की अवधारणा जुड़ी है

(i) सैम्यूल्सन से (ii) मार्शल से

(iii) हिक्स से (iv) रॉबिन्स से

The concept of production possibility curve is associated with

(i) Samuelson (ii) Marshall

(iii) Hicks (iv) Robbins

4. निम्नांकित में सेवा के उदाहरण है

(i) चिकित्सकों के कार्य (ii) अध्यापकों के कार्य

(ii) वकीलों के कार्य (iv) इनमें सभी

Which of the following is the example of service

(i) Work of doctors (ii) work of teachers

(iii) Work of Lawyers (iv) All of these

5. निम्नांकित में से कौन आर्थिक वस्तु है?

(i) टेलीविजन (ii) हवा (iii) सूर्य की रोशनी (iv) नदी का पानी

Which one is economic good in the following?

(i) Television (ii) Air (iii) Sunlight (iv) Water of river

6. दुर्लभता की समस्या इसलिए है क्योंकि हमारे साधन है

(i) असीमित (ii) सीमित (iii) पर्याप्त (iv) बहुत ज्यादा

Scarcity problem arises because our resources are

(i) Unlimited (ii) Limited (iii) Sufficient (iv) Vast

7. किस प्रकार की अर्थव्यवस्था को मूल आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है

(i) पूंजीवादी (ii) समाजवादी (iii) मिश्रित (iv) सभी

Which type of economy has to face the basic economic problem?

(i) Capitalistic (ii) Socialistic (iii) Mixed (iv) Every

8. सभी आर्थिक समस्याओं के कारण हैं-

(i) असीमित इच्छाएँ (ii) सीमित साधन (iii) विभिन्न प्रधानता (iv) इनमें सभी

All economic problems are due to

(i) Unlimited wants (ii) Limited means

(iii) Different priorities (iv) All of these

9. निम्न में से कौन धन की विशेषता है?

(i) उपयोगिता (ii) सीमितता (iii) विनिमय-साध्यता (iv) इनमें से सभी

Which one is the characteristics of wealth?

(i) Utility (ii) Scarcity (iii) Exchangeability (iv) All of these

10. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या क्या है?

(ii) साधनों का आवंटन (ii) साधनों का कुशलतम प्रयोग

(iii) आर्थिक विकास (iv) इनमें से कोई नहीं

What is the central problem of the economy?

(i) Allocation of resources (ii) Optimum use of resources

(iii) Economic development (iv) None of these

11. उत्पादन संभावना वक्र का ढाल गिरता है

(i) नीचे से ऊपर (ii) दाये से बायें

(iii) बायें से दाये (iv) ऊपर से नीचे

The production possibility curve slopes

(i) from below to above (ii) from right to left

(iii) from left to right (iv) from above to below

12. एक देश का आर्थिक विकास निर्भर करता है

(i) पूंजी संसाधन (ii) बाजार का आकार

(iii) प्राकृतिक खनिज (iv) इनमें सभी

A country development dependsupon

(i) Capital resource (ii) Size of market

(iii) Natural mines (iv) All of these

13. एक समाजवादी अर्थव्यवस्था का मूल उद्देश्य होता है

(i) लाभ आर्जित करना (ii) गलाकाट प्रतियोगिता

(iii) नियंत्रण मुक्त व्यवस्था (iv) अधिकतम लोक कल्याण

The main objective of a socialist economy

(i) To earn profit (ii) Cut-throat competition

(iii) Control free economy (iv) Maximum social welfare

14. उपभोक्ता व्यवहार पढ़ा जाता है-

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में (ii) समष्टि अर्थशास्त्र में

(iii) (अ) और (ब) दोनों में (iv) इनमें से किसी में नहीं

Consumer's behaviour is studied in

(i) Micro economics (ii) Macro economics

(iii) (i) and (ii) both (iv) None of these

15. उपयोगिता की माप की जा सकती है

(i) वस्तुओं के विनियम द्वारा (ii) वस्तु के चमक द्वारा

(iii) मुद्रा द्वारा (iv) इनमें से कोई नहीं

Utility is measured by

(i) Exchange of commodities (ii) Sale of commodity

(iii) By Money (iv) Non of these

16. गोसेन का प्रथम नियम क्या है?

(i) मांग का नियम (ii) सम-सीमान्त उपयोगिता नियम

(iii) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम (iv) उपभोक्ता की बचत

Which is the first law of Gossen?

(i) Law of demand (ii) Law of equi-marginal Utility

(iii) Law of diminishing marginal utility (iv) Consumer's surplus

17. सम-सीमांत उपयोगिता नियम के प्रतिपादक है

(i) गोसेन (ii) पीगू (iii) एडम स्मिथ (iv) रिकार्डो

Law of equi-marginal utility is propounded by

(i) Gossen (ii) Pigou (iii) Adam Smith (iv) Ricardo

18. सीमान्त उपयोगिता की गणना हम करते है

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

We calculate Marginal utility as

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

19. जब कुल उपयोगिता (TU) अधिकतम होता है तब सीमांत उपयोगिता (MU) होता है

(i) धनात्मक (ii) ऋणात्मक (iii) शून्य (iv) इनमें से कोई नहीं

When Total Utility (TU) becomes maximum then marginal utility is

(i) Positive (ii) Negative (iii) Zero (iv) None of these

20. निम्न में से कौन सत्य है

(i) TU तब तक उच्चतम होता है जब तक MU धनात्मक रहता है।

(ii) TU तब उच्चतम होता है जब MU शून्य के बराबर हो जाता है।

(iii) TU तब गिरने लगता है जब MU ऋणात्मक होने लगता है

(iv) उपर्युक्त सभी

21.भारत में किसे 'बैंकों का बैंक' कहा जाता है?

(i) भारतीय रिजर्व बैंक (ii) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(iii) बैंक ऑफ इण्डिया (iv) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

Which is known as the 'Bank of the Banks' in India?

(i) Reserve Bank of India (ii) State Bank of India

(iii) Bank of India (iv) Central Bank of India

22निम्न में से कौन मुद्रा का प्राथमिक कार्य है?

(i) विनिमय का माध्यम (ii) मूल्य का मापन

(iii) (i) and (ii) दोनों (iv) मूल्य का संचय

Which one is included in the primary function of money?

(i) Medium of Exchange (ii) Measure of value

(iii) Both (i) and (ii) (iv) Store of value

23.निम्न में से कौन मुद्रा का द्वितीयक कार्य है?

(i) मूल्य का स्थानांतरण (ii) मूल्य का संचयं

(iii) (i) and (ii) दोनों (iv) इनमें से कोई नही

Which one is included in the secondary function of money?

(i) Transfer of value (ii) store of value

(iii) Both (i) and (ii) (iv) None of these

24.मुद्रा कार्यो में सम्मिलित है:

(i) मूल्य निर्धारण (ii) मूल्य का संचय

(iii) विनिमय का माध्यम (iv) उपर्युक्त सभी

The functions of money includes:

(i) Value determination (ii) Store of value

(iii) Medium of exchange (iv) All of these

25.निम्न में से कौन मुद्रा का कार्य नहीं है?

(i) मूल्य का मापन (ii) मूल्य का हस्तान्तरण

(iii) मूल्य का संचय (iv) मूल्य का स्थिरीकरण

Which one is not the function of money?

(i) Measure of value (ii) Transfer of value

(iii) Store of value (iv) Stabilization of value

26.भारत का सबसे बड़ा बैंक है:

(i) भारतीय रिर्जव बैंक (ii) भारतीय स्टेट बैंक

(iii) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्यिा (iv) बैंक ऑफ इण्यिा

India's largest bank is:
(i) Reserve Bank of India (ii) State bank of India
(iii) Central Bank of India (iv) Bank of India

27. भारत में करेंसी नोट जारी करता है:-
(i) वित्त मंत्रालय (ii) वित्त सचिव
(iii) स्टेट बैंक ऑफ इण्यिा (iv) भारतीय रिर्जव बैंक

In India currency note is issued by:
(i) Ministry of Finance (ii) Finance Secretary
(iii) State Bank of India (iv) Reserve Bank of India

28. भारतीय रिर्जव बैंक की स्थापना हुई थी:-
(i) 1947 (ii) 1935
(iii) 1937 (iv) 1945

Reserve Bank of India was established in:
(i) 1947 (ii) 1935
(iii) 1937 (iv) 1945

29. मौद्रिक नीति संबंधित है:-
(i) लोक व्यय (ii) कर
(iii) लोक ऋण (iv) खुला बाजार नीति

Monetary policy is related with
(i) Public expenditure (ii) Taxes
(iii) Public Debt (iv) open market operations

30. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया क्या है?
(i) वाणिज्यिक बैंक (ii) केन्द्रिय बैंक
(iii) अवाणिज्यिक बैंक (iv) इनमें से कोई नहीं

What is central Bank of India?
(i) Commercial Bank (ii) Central Bank
(iii) Private Bank (iv) None of these

31. निम्न में से कौन सही है?
(i) MPC +MPS = O (ii) MPC +MPS = <।
(iii) MPC +MPS = I (iv) MPC +MPS = >।

Which one is correct:
(i) MPC + MPS = O (ii) MPC +MPS = <।
(iii) MPC + MPS = I (iv) MPC +MPS = >।

32. APC +APS = ?

(i) O (ii) 1 (iii) ∞ (iv) इनमें से कोई नहीं।

APC + APS = ?

(i) O (ii) 1 (iii) ∞ (iv) None of these

33. MPC की मान है:

(i) I (ii) O (iii) o से अधिक, 1 कम (iv) ∞

Value of MPC is .

(i) I (ii) O (iii) Greater than O less than 1 (iv) ∞

34. NNPmp= ?

(i) GNP mp - ह्रास। (ii) GNP mp + ह्रास।

(iii) GNP mp + अप्रत्क्ष कर (iv) इनमें से कोई नहीं

NNP MP =?

(i) GNP mp –Depreciation (ii) GNP mp + Depreciation

(ii) GNP mp + Indirect tax (iv) None of these

35. निम्न में से कौन एक सही है?

(i) $K= \frac{I}{MPC}$ (ii) $K= \frac{I}{MPS}$

(iii) $K= \frac{I}{I-MPS}$ (ii) $K= \frac{I}{I+MPS}$

Which one is correct?

(i) $K= \frac{I}{MPC}$ (ii) $K= \frac{I}{MPS}$

(iii) $K= \frac{I}{I-MPS}$ (ii) $K= \frac{I}{I+MPS}$

36. निम्न में से कौन एक सही है?

(i) Y = C + I (ii) Y = O = N

(iii) C+S= C+I (iv) उपर्युक्त सभी

Which one is correct?

(i) Y = C + I (ii) Y = O = N

(iii) C+S= C+I (iv) All the above

37. 'अर्थशास्त्र का पिता' किसे कहा जाता है?

(i) मार्शल (ii) माल्थश

(iii) एडम स्मिथ (iv) जॉन रौबिन्सन

Who is known as the 'Father of Economics?

(i) Marshall (ii) Malthus

(iii) Adam Smith (iv) John Robinson

38. निम्न में से कौन उत्पादन का घटक है?

(i) भूमि (ii) पूँजी

(iii) श्रम (iv) उपर्युक्त सभी

Which of the following is the agent of Production?

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Land | (ii) Capital |
| (iii) | Labour | (iv) All the above |

39. प्रत्यक्ष कर है:

| | | |
|---|---|---|
| (i) | आय कर | (ii) उपहार कर |
| (iii) | (i) and (ii) दोनों | (iv) इनमें से कोई नहीं |

Direct tax is :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Income tax | (ii) Gift tax |
| (iii) | Both (i) and (ii) | (iv) None of these |

40. निम्न में से कौन अप्रत्यक्ष कर है?

| | | |
|---|---|---|
| (i) | आय कर | (ii) उपहार कर |
| (iii) | ब्रिकी कर | (iv) इनमें से कोई नहीं |

Which of the following is an indirect tax?

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | Income tax | (ii) Gift tax |
| (iii) | Sales tax | (iv) None of these |

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

## Short Answer Type Questions

**प्रश्न** 1. – **पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की महत्पूर्ण विशेषताएँ क्या है?**

What are the characterstics of capitalistic economy?

**प्रश्न** 2. – **विदेशी विनिमय की मांग एवं पूर्ति के श्रोत लिखित।**

Write the sources of foreign exchange-demand and supply?

**प्रश्न** 3.– **अवसर लागत को परिभाषित करें।**

**Define Opportunity Cost**

**प्रश्दक इलन** 4. –**उत्पादन संभावना वक्र से आप क्या समझते है?**

**what do you understand by Production Possiblity Curve?**

**प्रश्न** 5. – **व्यष्टि अर्थशास्त्र से क्या समझते है? इसके कौन-कौन से क्षेत्र है।**

**What do you mean by micro economics. What are the scope of it?**

**प्रश्न** 6.) आय के चक्रीय प्रवाह की व्याख्या कीजिए।

Define circular flow of Income.

**प्रश्न** 7.) वस्तुओं एवं सेवाओं में अंतर बताइए।

Distinguish between Goods and Services.

**प्रश्न** 8.) भारत में मुद्रा पूर्ति के लिए किन मापों का प्रयोग किया जाता है?

Explain the measures adopted in India for the supply of money.

**प्रश्न** 9-**यदि शुद्ध आयात का मूल्य 160 करोड़ रूपये तथा निर्यात का मूल्य 400 करोड़ रूपये है तो आयात का मूल्य ज्ञात करें।**

**प्रश्न** 10.) गुणक की अवधारणा को समझाइए।

Explain the concept of multiplier

LONG ANSWER QUESTION

**प्रश्न** 1.) विदेशी विनिमय बाजार की परिभाषा दीजिए। इसके प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

Define Foreign exchange market.Explain it's main function.

**प्रश्न** 2.) मूल्यह्रासज्ञात कीजिए।

Calculate Depreciation cost.

**प्रश्न** 3.)

| | |
|---|---|
| निर्यात | 7000 करोड़ रू0 |
| आयात | 9500 करोड़ रू0 |

व्यापार - शेष की गणना कीजिए और इसकी प्रकृति भी बताइए।

Calculate Balance of Trade and explain its nature.

**प्रश्न** 4.) कीमत सीलिंग और राशनिंग के बुरे प्रभावों का संक्षेप में वर्णन करो।

write a short note on the adverse effect of price ceiling and rationing.

**प्रश्न** 5. - **विदेशों में शुद्ध साधन आय ( $NFI_A$ ) से क्या आशय है? यह शुद्ध निर्यात ( Net export ) से कैसे भिन्न है?**

What is the meaning of net resource income in foreigns ? How does it differ from Net export.

# SET-2

## उत्तरमाला

## (Answers)

1. (iii) 2.(iii) 3. (i) 4. (iv) 5. (i) 6. (ii) 7. (iv) 8. (iv) 9. (iv) 10. (iv) 11. (ii) 12. (iv) 13. (iv) 14. (i) 15. (iii) 16. (ii) 17. (i) 18. (i) 19. (ii) 20. (iv) 21. (i) 22.(iii) 23. (iii)2 4. (iv) 25. (iv)2 6. (iv )2 7. (iv) 28. (ii) 29. (iv) 30. (i) 31. (iii) 32. (ii) 33. (iii) 34. (i) 35. (ii) 36. (iv) 37. (iii) 38. (iv) 39. (iii) 40. (iii)

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

**Short Answer Taye Questions**

**प्रश्न** 1. - **पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की महत्पूर्ण विशेषताएँ क्या है?**

What are the characterstics of capitalistic economy?

**उत्तर** - पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादन क्रिया कलाप मुख्य रूप से पूँजीवादी उद्यमियों के द्वारा किए जाते हैं।

किसी विशिष्ट पूँजीवादी उद्यम में एक या अनेक उद्यमी होते है। पूँजीवादी अर्थव्यवस्था एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसमें अधिकांश क्रियाकलापों के निम्नलिखित अभिलक्षण होते है-

(क) उत्पादन के साधनों पर निजी होता है

(ख) बाजार में निर्गत को बेचने के लिए ही उत्पादन किया जाता है।

(ग) श्रमिकों की सेवाओं का क्रय-बिक्रय एक निश्चित कीमत पर होता है, जिसे मजदूरी की दर कहते है।

**प्रश्न** 2. - **विदेशी विनिमय की मांग एवं पूर्ति के श्रोत लिखित।**

Write the sources of Demand and Supply of foreign Exchange.

**उत्तर** - विदेशी विनिमय की मांग के श्रोतः

1) विदेशों में वस्तुएँ व सेवाएँ खरीदने के लिए।
2) विदेशों में वित्तीय परिसंपत्तियाँ खरीदने के लिए। जैसे - बांड, शेयर
3) विदेशों मुद्राओं के मूल्यों पर सट्टेबाजी के लिए।
4) विदेशों में प्रत्यक्ष निवेश के लिए। जैसे - दुकान, मकान, फैक्टरी खरीदना।
5) विनिमय की मांग पूरी करने के लिए।

**विदेशी विनिमय की पूर्ति के श्रोतः**

1) विदेशियों द्वारा घरेलू बाजार में प्रत्यक्ष (वस्तुओं व सेवाओं की) खरीद।
2) विदेशियों द्वारा प्रत्यक्ष निवेश।

3) विदेशी पर्यटकों का हमारे देश में भ्रमण।

4) विदेशों में रहने वाले अनिवासी भारतीयों द्वारा भेजा गया धन या प्रेषणाएं।

5) वस्तुओं एवं सेवाओं का निर्यात।

**प्रश्न** 3.- **अवसर लागत को परिभाषित करें।**

**Define Opportunity Cost.**

**उत्तर** – अवसर लागत की धारणा का आधार यह है कि मनुष्य अपने असीमित इच्छाओं को सीमित साधनों से पूर्ति करके अधिकतम संतोष प्राप्त करने की चेष्टा करता है। ऐसा करने के लिए उसे अपने साधनों के वैकल्पिक प्रयोगों अर्थात् उद्देश्यों का चुनाव करना पड़ता है। जैसे, भूमि का प्रयोग – रहने के लिए मकान बनाने, उस पर फैक्टरी लगवाने, खेती करने आदि के लिए किया जा सकता है। इसी प्रकार श्रमिक अपना समय का उपयोग किसी कारखाने में काम करके या रिक्शा चलाकर कर सकता है। यदि भूमि पर मशीन लागई जाती है तो मकान बनाने या खेती करने के काम का त्याग करना पड़ेगा। इस प्रकार यदि श्रमिक रिक्शा चलाता है तो उसे कारखाने के काम का त्याग करना पड़ेगा। इस प्रकार में त्याग को ही अवसर लागत के नाम से पुकारते हैं। जब एक काम को करने के लिए दूसरे काम को छोड़ना पड़ता है तो पहले काम का (दूसरा काम) अवसर लागत होगी। उत्पादन के क्षेत्र में जब एक उत्पादन से उत्पादन के साधनों को हटा कर दूसरे उत्पादन में लगाया जाता है तो दूसरे व्यवसाय से जो आय उन्हें प्राप्त होती है वह पहले व्यवसाय की अवसर लागत होती है।

**प्रश्दक इलन** 4. **–उत्पादन संभावना वक्र से आप क्या समझते है?**

**what do you understand by Production Possiblity Curve?**

**उत्तर** – एक उत्पादन संभावना वक्र उपलब्ध संसाधनों की मात्रा तथा उपलब्ध प्रोद्योगिकीय ज्ञान के द्वारा उत्पादित की जा सकने वाली सभी वस्तुओं तथा सेवाओं के सभी संभावित संयोगों के समूह को बताता है। उपलब्ध संसाधनों की मात्रा तथा उपलब्ध प्रौद्योगिकीय ज्ञान से हम एक निश्चित मात्रा तक ही उत्पादन कर सकते हैं। इस परिस्थिति में यदि हम किसी एक खास वस्तु के उत्पादन को बढ़ाना चाहते हैं तो हमें किसी दूसरे वस्तु की मात्रा घटाना पड़ता है। इसी कारण उत्पादन संभावना वक्र को हम ट्रांफॉरमेशन वक्र भी कहते है। इस वक्र की सहायता से चुनाव की समस्या या सभी प्रकार के आर्थिक समस्याओं को बताया जा सकता है।

**प्रश्न** 5. – **व्यष्टि अर्थशास्त्र से क्या समझते है? इसके कौन-कौन से क्षेत्र है।**

**What do you mean by micro economics. What are the scope of it?**

**उत्तर** –अंग्रेजी का माइक्रो शब्द ग्रीक के माइक्रोस (micros) से उत्पन्न हुआ है। व्यष्टि अर्थशास्त्र वो है जिसमें विशेष व्यक्तियों, परिवारो, उद्योगों, फर्मों, विशेष वस्तुओं के मूल्यों, श्रमिक की मजदूरी और आय आदि का अध्ययन होता है। बोल्डिंग के अनुसार “व्यष्टि अर्थशास्त्र विशेष फर्मों, विशेष वैयक्तिक मूल्यों, मजदूरियों, व्यक्तिगत उद्योगों तथा विशिष्टि वस्तुओं का अध्ययन है।”

इस प्रकार व्यष्टि अर्थशास्त्र में उपयोगिता ह्रास नियम, उपभोक्ता की बचत सिद्धांत, सम-सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम, उपभोक्ता की बचत सिद्धांत, व्यक्तिगत फर्मे, निजी-उद्योग आदि शामिल होता है। यह 'मूल्य सिद्धांत' के नाम से भी जाना जाता है। दो शताब्दी तक व्यष्टि अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र के ध्यान का केन्द्र बना रहा।

**प्रश्न** 6.) आय के चक्रीय प्रवाह की व्याख्या कीजिए।

Define circular flow of Income.

**उत्तर** - उत्पादन, विनिमय और उपभोग एक अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आर्थिक क्रियाकलाप होते हैं। इन आर्थिक क्रियाकलापों के दौरान अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आदान-प्रदान चलता रहता है। इस आदान प्रदान के कारण आय और व्यय चक्रीय रूप से एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र के बीच प्रवाहित होते रहते हैं। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आय के चक्रीय रूप से प्रवाहित होते रहने को ही आय का चक्रीय प्रवाह कहा जाता है।

**प्रश्न** 7.) वस्तुओं एवं सेवाओं में अंतर बताइए।

Distinguish between Goods and Services.

**उत्तर**- 1) वस्तुओं के उत्पादन एवं उपभोग के बीच समय का अंतर हो सकता है। उदाहरण के लिए, एक कुर्सी का उत्पादन किसी एक विशेष समय बिंदु पर किया जाता है, किंतु इसका उपभोग कुछ समय के पश्चात किया जा सकता है। किंतु ऐसी सेवाओं के बारे में नहीं हो सकता। सेवाओं के उत्पादन एवं उपभोग के बीच समय का कोई अंतर नहीं होता है। उदाहरण के लिए, जैसे ही कोई अध्यापक अपने विद्यार्थीयों को पढ़ाना प्रारंभ करता है, उसकी इस अध्यापन सेवा का उसी समय विद्यार्थीयों द्वारा उपभोग भी किया जाता है। इसी प्रकार डाक्टरों, वकीलों, गायकों, बैंकिंग, बीमा आदि सेवाओं के बारे में भी होता है।

2) वस्तुओं के उपभोग को इसके उत्पादन के स्थान से अलग किया जा सकता है जबकि सेवाओं के उपभोग को इनके उत्पादन के स्थान से अलग नहीं किया जा सकता।

इस प्रकार संक्षेप में, वस्तुओं का उभोक्ताओं की सुविधा के समय एवं स्थान के अनुसार किया जा सकता है। किंतु सेवाओं का उपभोग तो अनिवार्य रूप से सेवा द्वारा निर्धारित समय और स्थान पर ही किया जा सकता है।

**प्रश्न** 8.) भारत में मुद्रा पूर्ति के लिए किन मापों का प्रयोग किया जाता है?

Explain the measures adopted in India for the supply of money.

**उत्तर** - भारत में मुद्रा पूर्ति के निम्न वैकल्पिक मापों का प्रयोग किया जाता है:-

(क) $M_1 = C + DD + OD$

इसमें शामिल है:-

i) जनता के पास करेंसी नोट एवं सिक्के (c)

ii) माँग जमाएँ (DD)

iii) रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाएँ (OD)

(ख) $M_2 = M_1 +$ डाकघर बचत बैंक में जमा।

(ग) $M_3 = M_1 +$ बैंको के पास शुद्ध सावधि जमाएँ।

(घ) $M_4 = M_3 +$ डाकघर बचत संगठनों में समस्त जमा राशियाँ (NSC को छोड़कर)।

**प्रश्न** 9-**यदि शुद्ध आयात का मूल्य 160 करोड़ रूपये तथा निर्यात का मूल्य 400 करोड़ रूपये है तो आयात का मूल्य ज्ञात करें।**

If value of net income is Rs 160/- crores the value of export Rs 400/- croros then find the value.

**उत्तर** - व्यापार संतुलन = निर्यात - आयात

आयात = निर्यात - व्यापार संतुलन

= 400 - (- 160) = 560 करोड़

**प्रशन** 10.) गुणक की अवधारणा को समझाइए।

Explain the concept of multiplier.

**उत्तर** - आय एवं उत्पादन के निर्धारण में निवेश का स्तर एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। अत: निवेश में परिवर्तन एक अर्थव्यवस्था में आय, उत्पादन और रोजगार के स्तर को प्रभावित करता है। जब निवेश में वृद्धि होती है तो यह अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता को बढ़ा देता है, और इसलिए उत्पादन और रोजगार के स्तर में भी वृद्धि हो जाती है। दूसरी ओर, निवेश में कमी एक अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता, उत्पादन एंव रोजगार में कमी कर देती है। निवेश में परिवर्तन की गणना करने के लिए केन्स ने गुणक की अवधारना का प्रतिपादन किया था।

## LONG ANSWER QUESTION

**प्रश्न** 1.) विदेशी विनिमय बाजार की परिभाषा दीजिए। इसके प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

Define Foreign exchange market.Explain it's main function.

**उत्तर** - विदेशी विनिमय बाजार वह बाजार होता है जिसमें विदेशी मुद्राओं को खरीद व बेचा जाता है। इस प्रकार यह विदेशी मुद्रा के खरीद व बिक्री का एक संस्थागत प्रबंध है। निर्यातकर्त्ता विदेशी मुद्राओं की बिक्री करते हैं जबकि आयातकर्त्ता इनकी खरीदारी करते हैं। आयात-निर्यात करने वाले व्यापारी अपने विदेशी भुगतानों के लिए अपनी विदेशी मुद्राओं को घरेलू मुद्राओं में बदलते हैं और अपनी घरेलू मुद्राओं को विदेशी मुद्राओं में बदलते हैं।

विदेशी विनिमय बाजार में मुख्य प्रतिभागी हैं: वाणिज्य बैंक, विदेशी विनिमय दलाल, अन्य अधिकृत डीलर और मौद्रिक प्राधिकारी।

विदेशी विनिमय बाजार मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्य करता है:

(i) विदेशी विनिमय बाजार का प्रमुख कार्य विभिन्न देशों के बीच क्रय-शाक्ति के हस्तांतरण का है। इस प्रकार का हस्तांतरण टेलीग्राफिक हस्तांतरण के द्वारा होता है।

(ii) दूसरा कार्य अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए साख की व्यवस्था करना है।

(iii) तीसरा कार्य जाखि से बचाने के लिए सुविधाएँ प्रदान करना, अर्थात विदेशी विनिमय चालू या वायदा खरीद-बिक्री की सुविधाएँ प्रदान करना है।

विदेशी विनिमय बाजार में इन विभिन्न कार्यों को करने के लिए विदेशी बिल, टेलीग्राफिक हस्तांतरण, बैंक ड्राफ्ट, साख पत्र आदि उपकारणों का प्रयोग किया जाता है।

**प्रश्न**2.) मूल्यह्रासज्ञात कीजिए।

Calculate Depreciation cost.

| | | करोड़ रू० |
|---|---|---|
| i) | NDP | 2000 |
| ii) | FC विदेशों से शुद्ध साधन आया (NF1A) | 150 |
| i) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर Net Indirect Tax) | 250 |
| ii) | $GNP_{MP}$ | 3000 |

हल: $NDP_{FC} + NF\ 1_A = NNP_{FC}$

: $2000 + 150 = 2150 = NNP_{FC}$

$NNP_{FC}$ + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर = $NNP_{MP}$

2150 +250 = 2400 = NNPmp

$GNP_{mp}$ – NNP mp = मूल्यह्रास

: 3000 - 2400 = 600 करोड़ रू0 = मूल्यह्रास

**प्रश्न** 3.)

| | |
|---|---|
| निर्यात | 7000 करोड़ रू0 |
| आयात | 9500 करोड़ रू0 |

व्यापार - शेष की गणना कीजिए और इसकी प्रकृति भी बताइए।

Calculate Balance of Trade and explain its nature.

हल: व्यापर - शेष = निर्यात - आयात

= 7000 - 9500

= -2500 करोड़ रू0

यहाँ व्यापर - शेष 2500 करोड़ रू0 के घाटे को बताता है।

**प्रश्न** 4.) कीमत सीलिंग और राशनिंग के बुरे प्रभावों का संक्षेप में वर्णन करो।

write a short note on the adverse effect of price ceiling and rationing.

**उत्तर** - कीमत सीलिं लागू करने के लिए सरकार को राशनिंग प्रणाली भी अपनानी पड़ती है। इस प्रकार कीमत सीलिंग का अर्थव्यवस्था पर निम्नलिखित दुष्प्रभाव पड़ता है:

(क) घटिया गुणवत्ता की वस्तुएँ - जब सरकार द्वारा कीमत सीलिंग लागू की जाती है तब उत्पादकों को संतुलन कीमत से काफी कम कीमत पर वस्तु मिलती है अत: लाभ कम हो जाता है। इस हानि की पूर्ति करने के लिए कई बार उत्पादक अपनी वस्तु की गुणवत्ता घटा देते है। अत: यह संभव है कि जब कीमत सीलिंग लागू की जाए तब उपभोक्ताओं को घटिया किस्म की वस्तुएँ मिलें।

(ख) राशन की दुकानों से वस्तुएँ खरीदने में कठिनाई – उपभोक्ताओं को वस्तुएँ खरीदने के लिए राशन की दुकानों पर जाना पड़ता है। वहाँ उन्हें लंबी – लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। अथवा कई बार राशन की दुकानों पर समय पर वस्तुएँ ही उपलब्ध नहीं हो पाती। इस प्रकार राशन की दुकानों से अपने हिस्से की वस्तुएँ प्राप्त करने में उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

**प्रश्न** 5. – **विदेशों में शुद्ध साधन आय ( $NFI_A$ ) से क्या आशय है? यह शुद्ध निर्यात ( Net export ) से कैसे भिन्न है?**

**उत्तर** –हम जानते हैं कि एक देश के निवासी दूसरे देशों को अपने श्रम व सम्पत्ति की सेवाएँ प्रदान करके आय अर्जित करते रहते हैं। इसी प्रकार दूसरे देश के निवासी भी इस देश में अपने साधनों की सेवाएँ प्रदान करके आय कमाते रहते हैं। अब यदि हम एक देश की विदेशों से शुद्ध साधन आय मालूम करना चाहते हैं तो इन दोनों को घटाना होगा। अत: विदेशों से शुद्ध साधन आय एक देश के सामान्य निवासियों द्वारा दूसरे देशों को अपनी साधन–सेवाएँ प्रदान करने के बदले प्राप्त आय और इस देश की घेरलू सीमा में गैर–निवासियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के बदले दी गई आय के अंतर के बराबर होती है।

विदेशों से शुद्ध साधन आय के तीन घटक है:

i) विदेशों से कर्मचारियों का शुद्ध पारिश्रमिक

ii) विदेशों से उद्‌यम व संपत्ति से प्राप्त शुद्ध आय (अर्थात लगान, ब्याज, लाभ और लाभांश)

iii) निवासी कंपनियों की विदेशों में शुद्ध प्रातिधारित आय।

विदेशों से शुद्ध साधन आय धनात्मक भी हो सकती है और ऋणात्मक भी। जब विदेशों से शुद्ध साधन आय धनात्मक होती है तब घरेलू उत्पाद राष्ट्रीय उत्पाद की तुलना में छोटा होता है। और जब विदेशों से शुद्ध साधन आय ऋणात्मक होती है तब घरेलू उत्पाद राष्ट्रीय उत्पाद की तुलना में बड़ा होता है।

विदेशों से शुद्ध साधन आय और शुद्ध निर्यात में अंतर:

विदेशों से शुद्ध साधन आय शुद्ध निर्यात अथवा शुद्ध विदेशी निवेश से अलग अवधारणा है। जब हम निर्यात में से आयात को घटाते हैं तो यह शुद्ध निर्यात है। इसे राष्ट्रीय आय लेखा में शुद्ध विदेशी निवेश के रूप में माना जाता है। यह शुद्ध विदेशी निवेश अथवा शुद्ध निर्यात तो घरेलू उत्पाद का ही एक भाग होता है, जबकि विदेशों से शुद्ध साधन आय घरेलू उत्पाद का नहीं, राष्ट्रीय उत्पाद का एक भाग होता है। अर्थात घरेलू उत्पाद में विदेशों से शुद्ध साधन आय जोड़कर ही राष्ट्रीय उत्पाद ज्ञात किया जा सकता है।

Modern economics have propounded the law of ----------------

(i) Increasing Return (ii) Decreasing Return

(iii) Constant Return (iv) Variable Proportion

33. ----------- उत्पादन के सभी साधनों में परिवर्तन संभव है।

(i) अल्पकाल (ii) दीर्घकाल (iii) मध्यवर्ती काल (iv) बाजार काल

In the -------------- Change in all factors of production is possible

(i) Short period (ii) Long period (iii) Intermediate period (iv) Market period

34. <u>कुल उत्पाद</u>

परिवर्तनशील साधन की इकाई

उपरी फार्मूला -------------- को हल करने में उपयोग होता है

(i) कुल उत्पादन (ii) औसत उत्पादन (iii) सीमांत उत्पाद (iv) वार्षिक उत्पाद

**<u>Total Product</u>**

Units of variable factors

The above formula is used to calculate ---------------------

(i) Total Product (ii) Average Product

(iii) Marginal Product (iv) Annual Product

## <u>Short Answer Questions:</u>

साख निर्माण से क्या आश्य है?

What do you mean by creadit creation ?

1. यदि औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) 0.2;0.4;0.7 है तो औसत बचत प्रवृत्ति (APS) की गणना कीजिए।

   If Average Propensity to consume is 0.2, 0.4, 0.7 then calculate the average Propensity to save.

2. व्यापार - शेष क्या आशय है ?

   What do you mean by Balance of trade?

3. विदेशी विनिमय बाजार की परिभाषा दीजिए।

Define Foreign exchange market.

4. बाजार माँग के निर्धारक कारक बताए।

Discuss the determinant of market demand.

5. उपयोगिता विश्लेषण की सीमाओं का उल्लेख करें।

Decribe the limitations of utility analysis.

6. उत्पादन संभावना वक्र क्या है?

What is Production Possibility Curve ?

7. अवसर लागत से क्या आशय है?

What do you mean by opportunity cost ?

8. अर्थशास्त्र की कितनी शाखाएँ हैं?

How many branches an economics has?

9. राष्ट्रीय आय लेखांकन के किन्ही दो उपयोगों को बताए।

Mention any two uses of national income accounting.

## Long Answer Question

1. निम्नलिखित तालिका से, TR, MR, और AR की गणना कीजिए:

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कीमत (रू०) | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| मांग (units) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

2. एक अनुसूची एवं रेखाचित्र की सहायता से पूर्ति के नियम को समझाइए।

Explain law of supply with the help of a tableand diagram.

3. उपभोक्ता संतुलन से क्या आशय है? उपयोगिता विशेलषण के आधार पर उपभोक्ता संतुलन की शर्तों को बताइए।

What do you mean by consumer equilibrium? Mention the assumptions of consumer’s equilibrium through utility approach.

4. माँग में वृद्धि के कारनों को बतलाएँ।

Give reasons for increase in demand.

5. मुद्रा के तृतीयक (या आकस्मिक) कार्यो को समझाए।

Explain the tertiary (or contingent) function of money.

## SET-7

**उत्तरमाला**

**(Answers)**

1. (ii) 2. (iv) 3. (iv) 4. (iv) 5. (iii) 6. (ii) 7. (iv) 8. (iv) 9. (iv) 10. (iii) 11. (ii) 12. (iv) 13. (iii) 14. (iii)

15. (iii) 16. (iv) 17. (iv) 18.(i) 24. (iv) 25. (i) 26. (iv) 27. (i) 28. (i) 29. (iv) 30. (iii) 31. (iv) 32. (iv)

33. (i) 34. (ii) 35. (i) 36. (iii) 37. (i) 38. (iv) 39. (ii) 40. (ii)

## <u>Short Answer Questions:</u>

1. साख निर्माण से क्या आश्य है?

   What do you mean by creadit creation ?

**उत्तर** – साख निर्माण वाणिज्य बैंकों का एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। साख निर्माण से आशय है बैंक जमाओं का निर्माण अथवा बैंक जमाओं में वृद्धि। वाणिज्य बैंक ऋण एवं अग्रिम देकर अपनी जमाओं का विस्तार करते हैं। वे अपने विरूद्ध दावे निर्माण करते हैं और उद्यार लेने वालों के पक्ष में जमाओं का निर्माण करते हैं।

2. यदि औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) 0.2;0.4;0.7 है तो औसत बचत प्रवृत्ति (APS) की गणना कीजिए।

   If Average Propensity to consume is 0.2, 0.4, 0.7 then calculate the average Propensity to save.

**उत्तर** – : APC + APS = 1

: APC = 1 – APS

(i) APC = 1 – 0.3 = 0.7

(ii) APC = 1 – 0.5 = 0.5

(iii) APC = 1 – 0.8 = 0.2

3. व्यापार – शेष क्या आशय है ?

   What do you mean by Balance of trade?

**उत्तर** – व्यापार – शेष से तात्पर्य एक वर्ष के दौरान एक देश के दृश्य आयातों और दृश्य निर्यातों के व्यवस्थित रिकॉड से है। वस्तुओं के निर्यात और आयातों के शेष को व्यापार शेष कहते हैं। दूसरे शब्दों में, दृश्य निर्यातों में से दृश्य आयातों को घटाकर हम एक देश के व्यापार – शेष को मालूम कर सकते हैं।

व्यापार – शेष = दृश्य निर्यात – दृश्य आयात

यदि देश के निर्यात आयातों से अधिक हैं तो व्यापार –शेष अनुकूल (बचत का) होता है और यदि आयात निर्यातों से अधिक है तो व्यापार – शेष प्रतिकूल (घाटे का) होता है।

संक्षेप में,

अनुकूल (या बचत का) व्यापार शेष = निर्यात > आयात

प्रतिकूल (या घाटे का) व्यापार शेष = आयात > निर्यात

एक देश के निर्यात और आयात मुश्किल से ही बराबर होते हैं। किसी भी एक अवधि में एक देश का व्यापार -शेष या तो अनुकूल (बचत का) होता है या प्रतिकूल (घाटे का) होता है।

4. विदेशी विनिमय बाजार की परिभाषा दीजिए।

Define Foreign exchange market.

उत्तर - विदेशी विनिमय बाजार वह बाजार होता है जिसमें विदेशी मुद्राओं को खरीदा व बेचा जाता है। इस प्रकार यह विदेशी मुद्रा के खरीद व बिक्री का एक संस्थागत प्रबंध है। निर्यातकर्त्ता विदेशी मुद्राओं की बिक्री का एक संस्थागत मुद्राओं की बिक्री करते हैं जबकि आयातकर्त्ता इनकी खरीददारी करते हैं। आयात-निर्यात करने वाले व्यापारी अपने विदेशी भुगतानों के लिए अपनी विदेशी मुद्राओं को घरेलू मुद्राओं में बदलते हैं और अपनी घरेलू मुद्राओं को विदेशी मुद्राओं बदलते हैं। विदेशी विनिमय बाजार में मुख्य प्रतिभागी हैं वाणिज्य बैंक, विदेशी विनिमय दलाल, अन्य अधिकृत डीलर और मौद्रीक प्राधिकारी।

5. बाजार माँग के निर्धारक कारक बताए।

Discuss the determinant of market demand.

**उत्तर** - सभी कारक जो व्यक्तिगत - परिवारों की माँग को प्रभावित करते हैं, वे बाजार माँग को भी प्रभावित करते हैं।

**य हैं:**

(i) वस्तु की कीमत

(ii) उपभोक्ताओं की आय में परिवर्तन।

(iii) संबंधित वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन।

(iv) अभिरूचियों में परिवर्तन।

इन कारकों के अलावा, बाजार माँग को प्रभावित करने वाले अन्य महत्वपूर्ण कारक निम्नलिखित हैं:

(i) जनसंख्या एवं परिवारों की संख्या

(ii) आय व धन का वितरण

(iii) सरकारी नीति

6. उपयोगिता विश्लेषण की सीमाओं का उल्लेख करें।

Decribe the limitations of utility analysis.

**उत्तर** - (i) उपयोगिता विशलेषण की एक प्रमुख सीमा यह है कि उपयोगिता का संख्यात्मक माप संभव है।

उपयोगिता एक मनोवैज्ञानिक एवं भावात्मक अवधारणा है। अत: इस गणितीय संख्याओं में नहीं बताया जा सकता।

(ii) उपयोगिता विश्लेषण की यह मान्यता कि मुद्रा की सीमांत उपयोगिता स्थिर रहती है एक अवास्तवित मान्यता है। वास्तव में तो मुद्रा की उपयोगिता एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के लिए अलग-अलग होती है।

(iii) यह विश्लेषण अविभाजनशील वस्तुओं पर लागू नहीं हो पाता।

(iv) एक वस्तु की उपयोगिता के समय, स्थान और व्यक्ति के अनुसार परिवर्तन आता रहता है।

अत: इस प्रकार की लगातार बदलते रहने वाली अवधारण के बारे में निश्चित नियम नहीं बनाए जा सकते।

7. उत्पादन संभावना वक्र क्या है?

What is Production Possibility Curve ?

**उत्तर** - एक उत्पादन संभावना वक्र वह होता है जो दो वस्तुओं की उन सभी उत्पादन-संभावनाओं को दिखाता है जिन्हें एक अर्थव्यवस्था द्वारा दिए हुए साधनों एवं तकनोलॉजी का पूरा उपयोग करके उत्पादित किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में, उत्पादन संभावना वक्र साधनों एवं तकनोलॉजी के दिए हुए होने पर वस्तुओं व सेवाओं के संभाव्य विकल्पों को दर्शाता है। संक्षेप में, यह चयन के संयोंगों को बताता है।

8. अवसर लागत से क्या आशय है?

What do you mean by opportunity cost ?

**उत्तर** - उत्पादन संभावना वक्र हमें बताता है कि यदि हम किसी एक वस्तु के उत्पादन में वृद्धि करना चाहते हैं तो हमें दूसरी वस्तु का त्याग करना होगा। अत: एक वस्तु की अवसर लागत किसी दूसरी वस्तु की वह मात्रा जिसे पहली वस्तु का उत्पादन करने के लिए छोड़ना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर मक्खन की अवसर लागत बंदूको की वह मात्रा है जिसका त्याग करना पड़ता है। दिए हुए साधनों एवं तकनोलॉजी की सहायता से या तो हम 5 मिलियन पौन्ड मक्खन का उत्पादन कर सकते हैं अथवा 15 हजार बंदूकों का उत्पादन कर सकते हैं। इसक अर्थ है कि 5 मिलियन पॉन्ड मक्खन की अवसर लागत 15 हमार बंदूकें हैं।

9. अर्थशास्त्र की कितनी शाखाएँ हैं?

How many branches an economics has?

**उत्तर** - अर्थशास्त्र की समूची विषयवस्तु काफी विस्तृत है। इसे कई शाखाओं एवं उपविभागों में वर्गीकृत किया जा सकता है। किंतु अर्थशास्त्र की दो मुख्य शाखाएँ हैं: व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र।

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र (Microeconomics) - इसमें व्यक्तिगत आर्थिक इकाइयों के व्यवहार का अध्ययन किया जाता है, जैसे एक वस्तु की कीमत का निर्धारण, एक उपभोक्ता, एक फर्म आदि का व्यवहार आदि। इसे कीमत सिद्धांत भी कहा जाता है।

10. राष्ट्रीय आय लेखांकन के किन्ही दो उपयोगों को बताए।

Mention any two uses of national income accounting.

**उत्तर** - राष्ट्रीय आय लेखांकन के दो उपयोग निम्नलिखित है:

(i) आर्थिक उपलब्धि का सूचक - एक देश की आर्थिक उपलब्धि को जानने व मापने का राष्ट्रीय लेखांकन सबसे ज्यादा सरल एवं समुचित साधन है। यह हमें एक देश के प्राकृतिक, मानवीय एवं पूँजीगत साधनों के उपयोग से प्राप्त उपलब्धियों को बताता है।

(ii) आर्थिक विकास का माप - राष्ट्रीय लेखांकन के आकड़े हमें एक देश के आर्थिक विकास एवं आर्थिक कल्याण के स्तर एवं दिशा को मापने में भी सहायता करते हैं। ये हमें आर्थिक विकास की दर एवं भावी संभावाओं के बारे में भी जानकारी देते हैं।

## Long Answer Question

1. निम्नलिखित तालिका से, TR, MR, और AR की गणना कीजिए:

| कीमत (रू०) | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मांग (units) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Calculate, TR, MR, and AR from the following table:

| Price (Rs.) | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Demand (units) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

हल - हम जानते है कि कीमत = AR

| मांग (इकाइयाँ) | P या AR | TR (रू०) AR x इकाइयाँ | MR (रू०) TRm – TRn-1 |
|---|---|---|---|
| 1 | 10 | 10 x 1 = 10 | 10 |
| 2 | 9 | 9 x 2 = 18 | 18 – 10 = 8 |
| 3 | 8 | 8 x 3 = 24 | 24 – 18 = 6 |
| 4 | 7 | 7 x 4 = 28 | 28 – 24 = 4 |
| 5 | 6 | 6 x 5 = 30 | 30 – 28 = 2 |
| 6 | 5 | 5 x 6 = 30 | 30 – 30 = 0 |
| 7 | 4 | 4 x 7= 28 | 28 – 30 = -2 |

2. एक अनुसूची एवं रेखाचित्र की सहायता से पूर्ति के नियम को समझाइए।

Explain law of supply with the help of a tableand diagram.

**उत्तर** - पूर्ति का नियम बताता है कि अन्य बाते समान रहने पर एक वस्तु की पूर्ति की मात्रा में सीधे तौर पर उसकी कीमत की दिशा में ही परिवर्तन होता है अर्थात कीमत बढ़ने पर


पूर्ति–मात्रा भी बढ़ती है और कीमत घटने पर यह घटती भी है। संक्षेप में, यह नियम बताता है की कीमत और उसकी पूर्ति दोनों एक ही दिशा में चलते हैं और इसी कारण पूर्ति वक्र बाएँ से दाएँ की ओर ढालू होता हैं।

पूर्ति के नियम को नीचे पूर्ति अनुसूची के उदाहरण एवं रेखाचित्र द्वारा बताया गया है।

**पूर्ति अनुसूची का उदाहरण**

| X वस्तु की कीमत P (रूपयों में) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| X वस्तु की पूर्ति Sx (इकाइयों में) | 2 | 7 | 11 | 14 | 16 |

पूर्ति वक्र




3. उपभोक्ता संतुलन से क्या आशय है? उपयोगिता विशेलषण के आधार पर उपभोक्ता संतुलन की शर्तो को बताइए।
   What do you mean by consumer equilibrium? Mention the assumptions of consumer's equilibrium through utility approach.

**उत्तर** – उपभोक्ता – संतुलन एक ऐसी स्थिति को बताता है जिसमें उपभोक्ता को वस्तु की वस्तु की खरीद से अधिकतम संतुष्टि प्राप्त होती है और उसमें अपने वर्तमान व्यय में परिवर्तन करने की कोई प्रवृत्ति नहीं पाई जाती।

उपभोक्ता संतुलन की शर्ते इस प्रकार है:–

मान्यताएँ

उपयोगिता विशेषण द्वारा उपभोक्ता संतुलन की अवधारणा निम्नलिखित मान्यताओं पर आधारित है–

(i) उपभोक्ता विवेकशील हैं उसका उद्देश्य अपनी संतुष्टि अथवा उपयोगिता को अधिकतम करना है।

(ii) उपयोगिता का संख्यात्मक माप संभव है।

(iii) उपयोगिता को मुद्रा के रूप में मापा जा सकता है। और मुद्रा की सीमांत उपयोगिता स्थिर रहती है।

(iv) घटती हुई सीमांत उपयोगिता का नियम लागू होता है।

(v) वस्तुओं की कीमतें दी हुई हैं और स्थिर रहती हैं।

4. माँग में वृद्धि के कारनों को बतलाएँ।

Give reasons for increase in demand.

उत्तर - माँग में वृद्धि अथवा माँग वक्र दाई ओर खिसक जाने (अंतरण) का अर्थ है उपभोक्ताओं द्वारा उसी कीमत (अथवा ऊँची कीमत पर वस्तु की अधिक मात्रा की माँग। इसके निम्नलिखित कारण हो सकते हैं-

(i) उपभोक्ता की आय में वृद्धि - जब उपभोक्ताओं की आय में वृद्धि हो जाती है तो वो उसी कीमत पर वस्तु की अधिक मात्रा खरीदना चाहेंगे। अतः माँग वक्र दाई ओर खिसक जाएगा।

(ii) स्थानापन्न वस्तु की कीमत में वृद्धि - यदि किसी एक वस्तु की स्थानापन्न वस्तु की कीमत में वृद्धि हो जाती है तो उस वस्तु की माँग में वृद्धि हो जाती है, अतः माँग-वक्र दाई ओर खिसक जाता है। उदाहरण के लिए कॉफी की कीमत में वृद्धि होने पर चाय की माँग में वृद्धि हो जाती है, क्योंकि अब माँग कॉफी से चाय की ओर खिसक जाती है।

(iii) पूरक वस्तु की कीमत में कमी एक वस्तु की पूरक वस्तु की कीमत में कमी हो जाती है तो उस वस्तु की माँग में वृद्धि होगी और माँग वक्र दाई ओर खिसक जाएगा। उदाहरण के लिए, जब मोटरकारों की कीमत में कमी होती है तो पेट्रोल की माँ बढ़ जाती है।

(iv) वस्तु के पक्ष में उपभोक्ताओं की रूचि में परिवर्तन

5. जब किसी एक वस्तु के पक्ष में उपभोक्ताओं की रूचि में परिवर्तन होता है तब उस वस्तु की माँग बढ़ जाती है और माँग वक्र दाई ओर खिसक जाता है। उदाहरण के लिए, यदि लोग जैविक खाद्यानों को खरीदना अधिक पंसद करते है तो जैविक खाद्यान्नों की मांग बढ़ जाएगी।

मुद्रा के तृतीयक (या आकस्मिक) कार्यों को समझाए।

Explain the tertiary (or contingent) function of money.

उत्तर - मुद्रा के मुख्य आकस्मिक कार्य (Contignent function) निम्नलिखित है:

(˙) राष्ट्रीय आय का वितरण - आधुनिक अर्थव्यवस्था में उत्पादन का काम उत्पादन के विभिन्न साधनों द्वारा मिलकर किया जाता है चूँचि राष्ट्रीय आय का उत्पादन संयुक्त

रूप से किया जाता है, अतः इसका वितरण भी उन सबके बीच किया जाना चाहिए। मुद्रा उत्पादन के विभिन्न साधनों के बीच मजदूरी, ब्याज, लगान और लाभ के रूप में राष्ट्रीय आय के वितरण के काम को आसान बना देती है।

(इ) उपभोक्ताओं को अधिकतम संतुष्टि – एक उपभोक्ता अधिकतम संतुष्टि प्राप्त करने के लिए वस्तुओं सेवाओं को इस प्रकार खरीदता है जिससे प्रत्येक वस्तु की कीमत और उसकी सीमांत उपयोगिता बराबर हो जाए।

(ख) उपभोक्ताओं को अधिकतम संतुष्टि – एक उपभोक्ता अधिक संतुष्टि प्राप्त करने के लिए वस्तुओं व सेवाओं को इस प्रकार खरीदता है जिससे प्रत्येक वस्तु की कीमत और उसकी सीमांता उपयोगिता बराबर हो जाए।

(ग) उत्पादकों को अधिकतम लाभ – एक उत्पादक यदि अपने लाभ को अधिकतम करना चाहता है तो उसे उत्पादन के विभिन्न साधनों की उतनी इकाइयों का प्रयोग करना चाहिए जिससे कि प्रत्येक साधन की कीमत और उसकी सीमांत उत्पादकता बराबर हो जाए।

(घ) साख का आधार – साख आधुनिक व्यवसाय की सबसें महत्वपूर्ण विशेषता है। और साख एवं वित्तिय प्रणाली का मुख्य आधार मुद्रा है। साख की पूर्ति पर निर्भर करती है। इस प्रकार, एक आधुनिक अर्थव्यवस्था में मुद्रा साख के आधार के रूप में काम करती है।

(ड़) तरलता – मुद्रा सब संपत्तियों में सबसे तरल रूप है। मुद्रा को किसी भी परिसंपत्ति अथवा वस्तुओं जेस भूमि, मशीनरी व उपकरण, शेयर्स, गेहूँ, चावल, पुस्तकों आदि के रूप में बदला जा सकता है। इस तरलता के गुण के कारण ही लोग मुद्रा की माँग करते हैं।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला**

**अर्थशास्त्र** **( Economics )**

SET-8

प्रश्न संख्या 1 से 40 तक, प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनें।

40 x 1 = 40

Select the correct answer of each Question from Question no. 1 to 40.

1. रॉबिन्स द्वारा अर्थशास्त्र की दी गयी परिभाषा के सम्बन्ध में क्या सही नहीं हैं?
   (क) दुर्लभ साधन
   (ख) उद्देश्यों के प्रति तटस्थता
   (ग) अर्थशास्त्र का सकारात्मक (स्वरूप)
   (घ) प्रावैगिक दृष्टिकोण।
2. स्पष्ट कीजिए कि अर्थशास्त्र क्या है?
   (क) केवल सकारात्मक (विज्ञान)
   (ख) न एक सकारात्मक और न ही आदर्शात्मक विज्ञान
   (ग) एक विज्ञान परन्तु कला नहीं
   (घ) एक विज्ञान अथवा कला जोकि इस बात पर निर्भर करता है कि अर्थशास्त्र का प्रयोग कौन और किस उद्देश्य के लिए करता है।
3. किसी अर्थ-व्यवस्था की प्रमुख समस्या का सम्बन्ध किससे है?
   (क) विनिमय
   (ख) सरकार द्वारा किये गये निर्णय
   (ग) आर्थिक कल्याण
   (घ) साधनों की दुर्लभता तथा आवश्यकताओं की बहुलता।
4. उत्पादन सम्भावना वक्र के सम्बन्ध में क्या सही नहीं है?
   (क) मितव्ययता की प्रक्रिया की व्याख्या
   (ख) दो वस्तुओं का विभिन्न अनुपातों में उत्पादन
   (ग) साधनों के पुन:आबंटन का अभाव
   (घ) पूर्ण रोजगार तथा पूर्ण उत्पादन की स्थिति।
5. 'माइक्रो' अर्थशास्त्र तथा 'मेक्रो' अर्थशास्त्र शब्दों का प्रयोग सर्वप्रथम किस अर्थशास्त्री द्वारा किया गया?
   (क) मौरिस डॉब (Maurice Dobb)
   (ख) रेगनर फ्रिश (Ragnar Frisch)
   (ग) रेगनर नर्कस (Ragnar Nurkse)
   (घ) जे. एम. केन्ज (J.M. Keynes)।
6. व्यष्टि अर्थशास्त्र किसका प्रयोग करता है?
   (क) सीमान्त विश्लेषण
   (ख) पिण्ड प्रणली (lumping method)
   (ग) मौद्रिक विशलेषण
   (घ) आय विश्लेषण।
7. अर्थ-व्यवस्था का चक्राकार बहाव (circular flow) की व्याख्या का सम्बन्ध किससे है?
   (क) व्याष्टिभाव
   (ख) समष्टिभाव
   (ग) व्यष्टिभाव तथा समष्टिभाव का परस्पर सम्बन्ध
   (घ) बाह्य प्रभाव।

8. कुल उपयोगिता अधिकतम है, जब:
   (क) सीमान्त उपयोगिता शून्य है
   (ख) सीमान्त उपयोगिता अधिकतम है
   (ग) सीमान्त उपयोगिता औसत उपयोगिता के बराबर है
   (घ) औसत उपयोगिता अधिकतम है
9. एक प्यासे व्यक्ति को पानी का दूसरा गिलास कम सन्तुष्टि देता है। इसकी व्याख्या किस नियम के अन्तर्गत होती है?
   (क) माँग का नियम (ख) प्रतिफल ह्यस नियम
   (ग) उपयोगिता ह्यस नियम (घ) पूर्ति नियम।
10. उपभोक्ता सन्तुलन में होगा, जब:

   (क) $\frac{MUx}{MUy} > \frac{Px}{Py}$ (ख) $\frac{MUx}{MUy} < \frac{Px}{Py}$

   (ग) $\frac{MUx}{MUy} = \frac{Px}{Py}$ (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

11. माँग का नियम अन्य बातें समान रहने पर, किसके बीच सम्बन्ध व्यक्त करता है?
   (क) उपभोक्ता की आय तथा माँग की गयी वस्तु की मात्रा
   (ख) वस्तु की कीमत तथा उसकी माँग की मात्रा
   (ग) वस्तु की कीमत तथा इसके प्रतिस्थापन पदार्थों की माँग
   (घ) वस्तु की माँ की मात्रा तथा इसके पूरक पदार्थों की सापेक्ष कीमतें।
12. गणन-संख्यात्मक दृष्टिकोण-उपभोक्ता-सन्तुलन की व्याख्या के लिए निम्न में से किस धारणा का प्रयोग करता है?
   (क) उदासीनता-वक्र (ख) सम-सीमान्त उपयोगिता
   (ग) वस्तु का अधिकतम उत्पादन (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
13. माँग-वक्र का ऊपर की ओर विवर्तन (upward shift) इस ओर संकेत करता है कि:
   (क) कम कीमत पर अधिक मात्रा में माँग (ख) उसी कीमत पर अधिक मात्रा में माँग
   (ग) ऊँची कीमत पर कम मात्रा में माँग (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
14. गिफिन पदार्थों का माँग-वक्र होगा:
   (क) क्षैतिज (ख) दायीं ओर नीचे गिरता हुआ
   (ग) बायीं ओर पीछे गिरता हुआ (घ) दायीं ओर ऊपर उठता हुआ।

15. कीमतों में परिवर्तन के प्रभाव में माँग की मात्रा में परिवर्तन कहलायेगा:
   (क) कमी अथवा वृद्धि (ख) विस्तार अथवा संकुचन
   (ग) बढ़ना अथवा घटना (घ) ऋणात्मक अथवा सकारात्मक माँग।
16. कीमतें स्थिर रहने पर उपभोक्ता की आय में वृद्धि का परिणाम होगा:

(क) माँग का विस्तार (ख) माँग में वृद्धि

(ग) माँग में कोई परिवर्तन नहीं (घ) माँग-वक्र का बायीं ओर जाना।

17. माँग के उपयोगिता विश्लेषण से सम्बन्धित मान्यताओं में क्या सही नहीं है?

(क) मुद्रा की सीमान्त उपयोगिता यथास्थिर रहना (ख) वस्तु की कीमत यथास्थिर रहना

(ग) उपभेक्ता का विवेकपूर्ण व्यवहार (घ) प्रत्येक वस्तु विभाज्य होना।

18. निम्न में से कौन-सा कथन गलत है?

(क) एक उदासीनता-वक्र दायीं ओर नीचे गिरता है

(ख) वक्र का उद्गम-बिन्दु की ओर उदुब्ज होना इस ओर संकेत करता है कि बायें से दायीं ओर जाने पर वक्र की ढाल में गिरावट आती है

(ग) एक उपभोक्ता के लिए दो वस्तुओं के बीच प्रतिस्थापन की लोच शून्य होती है

(घ) किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन का इसकी माँग की मात्रा पर कुल प्रभाव कीमत-प्रभाव कहलाता है।

19. उपभोक्ता के सन्तुलन का बिन्दु वह है जहाँ कीमत अथवा बजट रेखा:

(क) उदासीनता-वक्र के ऊपर है (ख) उदासीनता-वक्र के नीचे है

(ग) उदासीनता-वक्र को स्पर्श करती है (घ) उदासीनता-वक्र को काटती है।

20. उदासीनता-वक्र विश्लेषण के प्रतिपादक हैं:

(क) डेविड रिकार्डो (ख) एफ.वाई.एजवर्थ

(ग) मार्शल (घ) हिक्स तथा ऐलन।

21. उपभोक्ता की मौद्रिक-आय स्थिर रहने पर एक वस्तु की कीमत कम होने पर यह नहीं होग कि:

(क) कीमत-रेखा पर उपभोक्ता का व्यय दायीं ओर खिसक जाय

(ख) कीमत-रेखा बायीं ओर खिसक जाय

(ग) उपभोक्ता की वास्तविक आय में वृद्धि हो

(घ) प्रतिस्थापन-प्रभाव।

22. एक उत्तम अथवा सामान्य वस्तु के लिए कीमत उपभोग रेखा की डाल होगी:

(क) ऋणात्मक (ख) अनुलम्ब (vertical)

(ग) पीछे की ओर (backward) (घ) सकारात्मक (positive)।

23. ऐंजिल-वक्र (Engel Curve) यह दर्शाता है कि आय बढ़ने पर एक आवश्यक वस्तु की खरीदी गयी मात्रा:

(क) बढ़ती दर से वृद्धि करती है (ख) घटती दर से बढ़ती है

(ग) कम होती है (घ) स्थिर रहती है।

24. कीमत में प्रतिशत कमी से वस्तु की माँग की मात्रा में कम प्रतिशत वृद्धि होने पर कीमत माँग की लोच का गुणांक क्या होगा?

(क) 1 के बराबर (ख) 1 से अधिक

(ग) 1 से कम (घ) शून्य।

25. घटिया वस्तु के लिए आय माँग की लोच है:

(क) धनात्मक (ख) शून्य

(ग) ऋणात्मक (घ) अनन्त

26. यदि किसी वस्तु की माँग बेलोच है तो इसकी कीमत बढ़ने पर उपभोक्ता का उस वस्तु पर व्यय:

(क) उतना ही रहेगा (ख) बढ़ेगा

(ग) घटेगा (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

27. किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन की ओर ध्यान दिये बिना यदि इसकी माँग की मात्रा अपरिवर्तित रहती है तो इसका माँग-वक्र होगा:

(क) क्षितिज के समानान्तर (horizontal) (ख) उदग्र (vertical)

(ग) धनात्मक ढाल (positively sloped) (घ) ऋणात्मक ढाल (negatively sloped)।

28. दो पूर्ण स्थानापन्न पदार्थों के बीच प्रतिस्थापन की लोच होगी:

(क) शून्य (ख) शून्य से अधिक

(ग) अनन्त से कम (घ) अनन्त।

29. पूर्ति की लोच का सम्बन्ध किसी वस्तु की पूर्ति के लिए परिवर्तन में से है जिसका कारण होता है:

(क) माँग (ख) कीमत

(ग) उत्पादन लागत (घ) प्राविधिक स्थिति।

30. माँग की लोच अधिक होने पर, सीमान्त आगम होगा:

(क) धनात्मक (ख) ऋणात्मक

(ग) शून्य (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

31. उपभोक्ता की बचत धारणा का सम्बन्ध किससे है?

(क) उपभोक्ता द्वारा की गयी बचत (ख) उपभोक्ता के उपार्जन

(ग) उपभोक्ता द्वारा की गयी खरीद से अतिरिक्त सन्तुष्टि (घ) उपभोक्ता की क्रय-शाक्ति।

32. निम्न में से किसे उपभोक्ता की बचत की मान्यता नहीं माना गया है?

(क) उपभोक्ता के लिए मुद्रा की सीमान्त उपयोगिता स्थिर होना

(ख) उपभोक्ता की बचत तथा कीमत में प्रत्यक्ष सम्बन्ध

(ग) प्रत्येक वस्तु को स्वतन्त्र

(घ) विचाराधीन वस्तु के कोई स्थानापन्न न होना।

33. उपभोक्ता की बचत के विशलेषण में हिक्स ने निम्न में से कौन-सी धारणा का प्रयोग नहीं किया है?

(क) मात्रा-तुल्य परिवर्तन (ख) मात्रा-समकारी परिवर्तन

(ग) आय-तुल्य परिवर्तन (घ) कीमत-तुल्य परिवर्तन।

34. उपभोक्ता की बचत के दृष्टिकोण से निम्न में से किस प्रकार की लागत स्थिति वाले उद्योग पर वस्तु

कर लगाना उचित होगा?

(क) बढ़ती हुई लागत (ख) घटती हुई लागत

(ग) स्थिर लागत (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

35. औसत उत्पाद अधिकतम होगा, जब

(क) सीमान्त उत्पाद औसत उत्पाद से कम है

(ख) सीमान्त उत्पाद औसत उत्पाद से अधिक है

(ग) सीमान्त उत्पाद औसत उत्पाद के बराबर है

(घ) सीमान्त उत्पाद ऋणात्मक है।

36. एक विवेकपूर्ण उत्पादक परिवर्ती अनुपातों के नियम की किस अवस्था में उत्पादन करना चाहेगा?

(क) प्रथम अवस्था (ख) द्वितीय अवस्था

(ग) तृतीय अवस्था (घ) सभी अवस्थाएँ

37. पैमाने के प्रतिफल का सम्बन्ध उत्पादन के उस परिवर्तन से है जब:

(क) उत्पादन के सभी साधनों का एक ही अनुपात में परिवर्तित होना

(ख) साधन अनुपातों में परिवर्तन होना

(ग) कुछ साधनों में परिवर्तन तथा अन्य का स्थिर रहना

(घ) किसी साधन में परिवर्तन न होना।

38. कॉब-डगलस उत्पादन फलन से प्राप्त होता है:

(क) पैमाने के वर्धमान प्रतिफल (ख) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल

(ग) पैमाने के स्थिर प्रतिफल (घ) प्रावैगिक प्रतिफल।

39. कॉब-डगलस उत्पादन फलन के अनुसार प्रतिस्थापन की लोच है:

(क) अनन्त (ख) शून्य

(ग) इकाई के बराबर (घ) कोई भी धनात्मक स्थिर राशि।

40. एक समात्पाद वक्र:

(क) दायीं ओर ऊपर उठती है

(ख) उद्गम-बिन्दु के उन्नतोदर (convex) है

(ग) दायीं ओर होना कम उत्पादन की ओर संकेत करता है

(घ) एक-दूसरे को काटत हैं।

## <u>लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type Questions)</u>

**प्रशन** 1.) उत्पादन संभावना वक्र (PPC) से क्या समझते है? यह दाहिनी ओर कब खिसकता ह

**प्रशन** 2.) उच्च स्तर तकनीक एवं संसाधन में वृद्धि PPC को क्यों दाहिनी ओर ले जाते है?

**प्रशन** 3.) केन्द्रीय समस्याएँ क्या है और ये क्यों उत्पन्न होती है।

**प्रशन** 4.) किसके लिए उत्पादन हो, इस समस्या की व्याख्या करें।

**प्रशन** 5.) कुल उपयोगिता (TU) एवं सीमांत उपयोगिता (MU) में अंतर स्पष्ट करें।

**प्रशन** 6.) आय के चक्रीय प्रवाह की व्याख्या कीजिए।

**प्रशन** 7.) वस्तुओं एवं सेवाओं में अंतर बताइए।

**प्रशन** 8.) भारत में मुद्रा पूर्ति के लिए किन मापों का प्रयोग किया जाता है?

**प्रशन** 9.) निम्नलिखित ऑकडों से आय विधि के द्वारा बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद की गणना

कीजिए।

| | | करोड़ (रू0) |
|---|---|---|
| i) | मजदूरी व वेतन | 800 |
| ii) | ब्याज | 200 |
| iii) | मूल्यह्रास | 60 |
| iv) | विदेशों में शुद्ध साधन आय | -15 |
| v) | आर्थिक सहायता | 100 |
| vi) | लाभ | 500 |
| vii) | अप्रत्यक्ष कर | 200 |
| viii) | ब्याज | 50 |

**प्रशन** 10.) भारत के वाणिज्य बैंकों के वर्गीकरण का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

## Long Answer Question

1.) मूल्यह्रास का मूल्य ज्ञात कीजिए।

| | | **करोड़ रू०** |
|---|---|---|
| i) | NDP | 2000 |
| ii) | FC विदेशों से शुद्ध साधन आया (NF1A) | 150 |
| i) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर Net Indirect Tax) | 250 |
| ii) | $GNP_{MP}$ | 3000 |

**प्रशन** 2.)

| | |
|---|---|
| निर्यात | 7000 करोड़ रू0 |
| आयात | 9500 करोड़ रू0 |

व्यापार - शेष की गणना कीजिए और इसकी प्रकृति भी बताइए।

Calculate Balance of Trade and explain its nature.

**प्रशन** 3.) कीमत सीलिंग और राशनिंग के बुरे प्रभावों का संक्षेप में वर्णन करो।

**प्रशन** 4.) माँग की कीमत लोच से क्या समझते है। इसे मापने के क्या सूत्र है?

**प्रशन** 5.) व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र कैसे एक दूसरे पर निर्भर है? उदाहरण सहित समझाइए।

## उत्तरमाला

1. (घ), 2. घ), 3. (घ), 4.(ग), 5. (ख), 6.(क), 7.(ग), 8. (क), 9.(ग), 10.(ग), 11.(ख), 12. (ख), 13. (ख), 14. (ग), 15. (ख), 16. (ख), 17. (ख) 18. (ग), 19. (ग), 20. (घ), 21. (ख), 22. (क), 23. (ख) 24. (ग), 25. (ग), 26. (ख), 27. (ख), 28. (घ), 29. (ख), 30. (क) 31. (ग), 32. (ख), 33. (ग), 34. (क) 35. (ग), 36. (ख), 37. (क), 38. (ग), 39. (ग), 40. (ख),

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type Questions)

**प्रश्न** 1.) उत्पादन संभावना वक्र (PPC) से क्या समझते है? यह दाहिनी ओर कब खिसकता है?

**उत्तर** - उत्पादन संभावना वक्र (PPC) उपलब्ध संसाधन एवं तकनीक पर वस्तु X एवं Y के उत्पादन की

विभिन्न संभावनाओं का दर्शाता है। यह दाहिनी ओर तब खिसकता है जब:

(i) संसाधन में वृद्धि होती है

(ii) अधिक सक्षम तकनीक के उपयोग होते है।

**प्रश्न** 2.) उच्च स्तर तकनीक एवं संसाधन में वृद्धि PPC को क्यों दाहिनी ओर ले जाते है?

**उत्तर** - उच्च स्तर तकनीकि PPC को दाहिनी ओर इसलिए ले जाते है क्योंकि अच्छी तकनीक के द्वारा दिए हुए संसाधन से अधिक उत्पादन संभव हो पाता है। संसाधन वृद्धि भी PPC को दाहिनी ओर ले जाता है क्योकि अगर तकनीक दी हुई हो तो अधिक संसाधन द्वारा भी अधिक उत्पादन की संभावना बनती है।

**प्रश्न** 3.) केन्द्रीय समस्याएँ क्या है और ये क्यों उत्पन्न होती है।

**उत्तर**- केन्द्रीय समस्याएँ निम्न हैं।

(क) क्या उत्पादन हो?: उत्पादन के विभिन्न वस्तुओं सं संबंधित चयन की समस्या।

(ख) कैसे उत्पादन हो? उत्पादन तकनीक से संबंधित चयन की समस्या।

(ग) किसके लिए उत्पादन हो?: वस्तुओं के उपयोग करनेवालों के चयन वितरण से संबंधित समस्या।

ये सभी समस्याएँ प्रत्येक अर्थव्यवस्था की है। ये समस्याएँ उत्पन्न होती है क्योंकि : (i)असीमित आवश्यकताओं की तुलना में साधन सीमित है। (ii) साधनों के वैकल्पिक उपयोग संभव है।

**प्रश्न** 4.) किसके लिए उत्पादन हो, इस समस्या की व्याख्या करें।

**उत्तर**- यह समस्या वस्तुओं एव सेवाओं के उपयोग करने वालों के चयन से संबंधित है। क्या हमें सिर्फ उनके लिए ही उत्पादन करना चाहिए जो अधिक मूल्य चुका सकते है? यदि इसका उत्तर हाँ है तो इसका तात्पर्य हुआ कि हमें वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन सिर्फ अमीर वर्ग के लिए ही करना चाहिए। इससे अमीरों का जीवन स्तर तो अच्छा होगा परंतु गरीबों का जीवन स्तर या तो स्थिर होगा या और गिरेगा। इससे अमीरों एवं गरीबों के बीच की खाई गहरी होगी और ऐसा कोई भी कल्याणकारी राज्य करना नहीं चाहेगा दूसरी

ओर सिर्फ निर्धनों को ध्यान में रखकर उत्पादन हो तो एक तो वो खरीदने में सक्षम नहीं होंगे और दूसरे उत्पादकों का मुनाफा भी कम हो जाएगा। अगर उत्पादकों का मुनाफा कम होगा तो फिर आगे वे कैसे निवेश करेंगे? इस तरह उत्पादन स्तर घटेगा और पूरी जनसंख्या का जीवन-स्तर घटेगा। इसलिए चयन की समस्या वस्तु एवं सेवाअें के मूल उपभोक्ता पर निर्भर करेगा।

**प्रश्न** 5.) कुल उपयोगिता (TU) एवं सीमांत उपयोगिता (MU) में अंतर स्पष्ट करें।

**उत्तर** - उपभोग की गई सभी इकाईयों से प्राप्त सीमांत उपयोगिता के कुल योग को हम कुल उपयोगिता (TU) कहते है।

उपभोग करने वाली प्रत्येक अगली या अंतिम इकाई से प्राप्त उपयोगिता को सीमांत उपयोगिता (MU) कहते है।

**दोनों में मुख्य अंतर है:**

(a) जब MU गिरती है तो TU बढ़ती है घटती दर से।

(b) जब MU शून्य होती है तो TU अधिकतम होती है।

(c) जब MU ऋणात्मक होती है तो TU घटती है।

**प्रश्न** 6.) आय के चक्रीय प्रवाह की व्याख्या कीजिए।

**उत्तर** - उत्पादन, विनिमय और उपभोग एक अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आर्थिक क्रियाकलाप होते हैं। इन आर्थिक क्रियाकलापों के दौरान अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आदान-प्रदान चलता रहता है। इस आदान प्रदान के कारण आया और व्यय चक्रीय रूप से एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र के बीच प्रवाहित होते रहते हैं। अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आय के चक्रीय रूप से प्रवाहित होते रहने को ही आय का चक्रीय प्रवाह कहा जाता है।

**प्रश्न** 7.) वस्तुओं एवं सेवाओं में अंतर बताइए।

**उत्तर**- 1) वस्तुओं के उत्पादन एवं उपभोग के बीच समय का अंतर हो सकता है। उदाहरण के लिए, एक कुर्सी का उत्पादन किसी एक विशेष समय बिंदु पर किया जाता है, किंतु इसका उपभोग कुछ समय के पश्चात किया जा सकता है। किंतु ऐसा सेवाओं के बारे में नहीं हो सकता। सेवाओं के उत्पादन एवं उपभोग के बीच समय का कोई अंतर नहीं होता है। उदाहरण के लिए, जैसे ही कोई अध्यापक अपने विद्यार्थीयों को पढ़ाना प्रारंभ करता है, उसकी इस अध्यापन सेवा का उसी समय विद्यार्थीयों द्वारा उपभोग भी किया जाता है। इसी प्रकार डाक्टरों, वकीलों, गायकों, बैंकिंग, बीमा आदि सेवाओं के बारे में भी होता है।

2) वस्तुओं के उपभोग को इसके उत्पादन के स्थान से अलग किया जा सकता है जबकि सेवाओं के उपभोग को इनके उत्पादन के स्थान से अलग नहीं किया जा सकता।

इस प्रकार संक्षेप में, वस्तुओं का उभोक्ताओं की सुविधा के समय एवं स्थान के अनुसार किया जा सकता है। किंतु सेवाओं का उपभोग तो अनिवार्य रूप से सेवा द्वारा निर्धारित समय और स्थान पर ही किया जा सकता है।

**प्रश्न** 8.) भारत में मुद्रा पूर्ति के लिए किन मापों का प्रयोग किया जाता है?

**उत्तर** - भारत में मुद्रा पूर्ति के निम्न वैकल्पिक मापों का प्रयोग किया जाता है:-

(क) $M_1 = C + DD + OD$

इसमें शामिल है:-

i) जनता के पास करेंसी नोट एवं सिक्के (c)

ii) माँग जमाएँ (DD)

iii) रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाएँ (OD)

(ख) $M_2 = M_1 +$ डाकघर बचत बैंक में जमा।

(ग) $M_3 = M_1 +$ बैंको के पास शुद्ध सावधि जमाएँ।

(घ) $M_4 = M_3 +$ डाकघर बचत संगठनों में समस्त जमा राशियाँ (NSC को छोड़कर)।

**प्रश्न** 9.) निम्नलिखित ऑकडों से आय विधि के द्वारा बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद की गणना कीजिए।

| | | करोड़ (रू0) |
|---|---|---|
| ix) | मजदूरी व वेतन | 800 |
| x) | ब्याज | 200 |
| xi) | मूल्यह्रास | 60 |
| xii) | विदेशों में शुद्ध साधन आय | -15 |
| xiii) | आर्थिक सहायता | 100 |
| xiv) | लाभ | 500 |
| xv) | अप्रत्यक्ष कर | 200 |
| xvi) | ब्याज | 50 |

हल: $GNP_{MP}$ = मजदूरी व वेतन + लगान + ब्याज

+ लाभ + मूल्यह्रास + अप्रत्यक्ष कर

- आर्थिक सहायता + विदेशों में शुद्ध साधन आय


$= 800 + 200 + 50 + 500 + 60 + 200 - 100 + (-15)$

करोड़ रू0

= 1695 करोड रू0

**प्रश्न** 10.) भारत के वाणिज्य बैंकों के वर्गीकरण का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

**उत्तर** - भारत में वाणिज्य बैंकों के ढ़ाँचे के दो मुख्य क्षेत्र है: अनुसूचत वाणिज्य बैंक और गैर-अनुसूचित वाणिज्य बैंक। अनुसूचित बैंकों के भी तीन प्रकार है: सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, निजी क्षेत्र के बैंक, और विदेशी बैंक। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भी दो प्रकार के है: भारतीय स्टेट बैंक एवं उसके सहयोगी बैंक और अन्य राष्ट्रीय कुल बैंक। भारतीय वाणिज्य बैंको को नीचे चार्ट में दिखाया गया है।



# Long Answer Question

1.) मूल्यह्रास का मूल्य ज्ञात कीजिए।

| | | करोड़ रू० |
|---|---|---|
| i) | NDP | 2000 |
| ii) | FC विदेशों से शुद्ध साधन आया (NF1A) | 150 |
| iii) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर Net Indirect Tax) | 250 |
| iv) | $GNP_{MP}$ | 3000 |

**हलः** $NDP_{FC} + NF\ 1_{A} = NNP_{FC}$

: 2000 + 150 = 2150 = $NNP_{FC}$

$NNP_{FC}$ + शुद्ध अप्रत्यक्ष कर = $NNP_{MP}$

2150 +250 = 2400 = NNPmp

$GNP_{mp} - NNP\ mp$ = मूल्यह्रास

: 3000 – 2400 = 600 करोड़ रू0 = मूल्यह्रास

**प्रश्न** 2.)

| | |
|---|---|
| निर्यात | 7000 करोड़ रू0 |
| आयात | 9500 करोड़ रू0 |

व्यापार – शेष की गणना कीजिए और इसकी प्रकृति भी बताइए।

Calculate Balance of Trade and explain its nature.

**हलः** व्यापर – शेष = निर्यात – आयात

= 7000 – 9500

= –2500 करोड़ रू0

यहाँ व्यापर – शेष 2500 करोड़ रू0 के घाटे को बताता है।

**प्रश्न** 3.) कीमत सीलिंग और राशनिंग के बुरे प्रभावों का संक्षेप में वर्णन करो।

**उत्तर** – कीमत सीलिं लागू करने के लिए सरकार को राशनिंग प्रणाली भी अपनानी पड़ती है। इस प्रकार कीमत सीलिंग का अर्थव्यवस्था पर निम्नलिखित दुष्प्रभाव पड़ता है:

(क) घटिया गुणवत्ता की वस्तुएँ – जब सरकार द्वारा कीमत सीलिंग लागू की जाती है तब उत्पादकों को संतुलन कीमत से काफी कम कीमत पर वस्तु मिलती है अतः लाभ कम हो जाता है। इस हानि की पूर्ति करने के लिए कई बार उत्पादक अपनी वस्तु की गुणवत्ता घटा देते है। अतः यह संभव है कि जब कीमत सीलिंग लागू की जाए तब उपभोक्ताओं को घटिया किस्म की वस्तुएँ मिलें।

(ख) राशन की दुकानों से वस्तुएँ खरीदने में कठिनाई – उपभोक्ताओं को वस्तुएँ खरीदने के लिए राशन की दुकानों पर जाना पड़ता है। वहाँ उन्हें लंबी – लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है। अथवा कई बार

राशन की दुकानों पर समय पर वस्तुएँ ही उपलब्ध नहीं हो पाती। इस प्रकार राशन की दुकानों से अपने हिस्से की वस्तुएँ प्राप्त करने में उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

**प्रश्न** 4.) माँग की कीमत लोच से क्या समझते है। इसे भापने के क्या सूत्र है?

**उत्तर** – मूल्य में परिवर्तन के फलस्वरूप वस्तु की माँग में जो आनुपाविक परिवर्तन होता है उसे हम माँग की कीमत लोच कहते है।

मांग की कीमत लोच को मापने का सूत्रः

$$\text{मांग की कीमत लोच} = \frac{\text{वस्तु की मात्रा में आनुपातिक परिवर्तन}}{\text{वस्तु की कीमत में आनुपातिक परिवर्तन}} \times \frac{\text{मूल्य}}{\text{मात्रा}}$$

$$\text{or}, \ Ep = \frac{\Delta Q}{\Delta P} = \frac{P}{Q}$$

जहाँ = $\Delta Q$ = वस्तु की मांग में परिवर्तन

$\Delta P$ = मूल्य में परिवर्तन

$Q$ = आरंभिक मांग, $P$ = आरंभिक मूल्य

**प्रश्न** 5.) व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र कैसे एक दूसरे पर निर्भर है? उदाहरण सहित समझाइए।

**उत्तर** – व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र में कुछ अंतर होते हुए भी ये सर्वथा एक–दूसरे से अलग नहीं है और नहीं ये परस्पर विरोधी हैं, बल्कि ये तो एक–दूसरे के पूरक हैं। उदाहरण के लिए, सामान्य मजदूरी स्तर का निर्धारण समष्टि अर्थशास्त्र का विषय है, जबकि किसी एक उद्योग में मजदूरी दर का निर्धारण व्यष्टि अर्थशास्त्र का विषय है। किन्तु जब हम किसी एक उद्योग में मजदूरों की मजदूरी दर तय करेंगे तो उस पर समूचे देश के सामान्य मजदूरी स्तर का अवश्य ही प्रभाव पड़ेगा। इसी तरह देश के संपूर्ण उत्पादन व रोजगार स्तर का किसी उद्योग विशेष के उत्पादने व रोजगार स्तर पर प्रभाव पड़ेगा और देश के सामान्य कीमत स्तर का किसी एक वस्तु की कीमत पर प्रभाव पड़ेगा। परिवारों द्वारा उपभोग निश्चित ही व्यक्तिगत आय कर की दरो अथवा वस्तु पर करों से प्रभावित होता है। इस तरह समष्टि अर्थशास्त्र व्यष्टि अर्थशास्त्र को प्रभावित करता है।

दूसरी ओर, व्यष्टि अर्थशास्त्र भी समष्टि अर्थशास्त्र को प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए, विभिन्न व्यक्तिगत आर्थिक इकाइयों के उत्पादन पर ही देश का कुल उत्पादन स्तर और देश के विभिन्न व्यक्तियों की माँग पर ही समग्र माँग निर्भर करती है। अर्थव्यवस्था की कुल बचत व्यक्तिगत परिवारों के बचत प्रारूपों से प्रभावित होती हैं।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला**

**अर्थशास्त्र** **( Economics )**

SET-9

## Objective Type Questions

प्रश्न संख्या 1 से 40 तक, प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चयन करें।

40 x 1 = 40

Select the correct answer of each Question from Question no. 1 to 40.

1. किस अर्थशास्त्री को अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है

(i) रॉबिन्स (ii) पीगू (iii) मार्शल (iv) ऐडम स्मिथ

Which economist is known as father of economics.

(i) Robins (ii) Pigou (iii) Marshall (iv) Adam Smith

2. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या क्या है?

(i) साधनों का आवंटन (ii) साधनों का कुशलतम

(iii) आर्थिक विकास (iv) इनमें से कोई नहीं

What is central problem of economy ?

(i) Allocation of resources (ii) Optimum use of resources

(iii) Economic growth (iv)Non of these

3. एक देश का आर्थिक विकास निर्भर करता है:

(i) पूँजी संसाधन (ii) बाजार का आकार

(iii) प्राकृतिक खनिज (iv) इनमें से सभी

Economic development of a country depends on:

(i) Capital resources (ii) Size of market

(iii) Natural minerals (iv) None of these

4. उपभोक्ता व्यवहार का संबंध है।

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र से (ii) समष्टि अर्थशास्त्र से

(iii) (क) एवं (ख) दोनों (iv) इनमें से कोई नहीं

Consumer behavior is related with:

(i) With micro economics (ii) With macro economics

(iii) (a) & (b) both (iv) None of these

5. उपयोगिता की माप की जा सकती है

(i) वस्तुओं के विनिमय से (ii) वस्तुओं के मूल्य से

(iii) मुद्रा से (iv) इनमें से कोई नहीं

Utility can be measured by

(i) Exchange of commodity (ii) Price of commodity

(ii) by money (iv) None of these

6. सीमांत उपयोगिता की गणना हम करते है।

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) ) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

Marginal utility can be measured.

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) ) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

7. निम्न में से कौन सत्य है?

(क) TU तब तक उच्चतम होता है जब तक MU धनात्मक होता है

(ख) TU तब तक उच्चतम होता है जब तक MU शून्य के बराबर होता है

(ग) TU तब गिरने लगता है जब MU ऋणात्मक होने लगता है

(घ) उपयुर्क्त सभी

Which one from the following is right?

(i) TU increases till MU is poritive (ii) TU is maximum when Mu is equal to zero

(iii) TU decrease when MU is negative (iv) Above all

8. माँग और मूल्य में संबंध होता है

(क) विपरीत (ख) प्रत्यक्ष (ग) (क) एवं (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

The relation between demand and price is

(i) opposite (ii) direct

(iii) (a) and (b) both (iv) none of these

9. सामान्यत: एक वस्तु का माँग वक होता है:

(क) X - अक्ष के समान्तर (ख) y - अक्ष के समान्तर

(ग) बाएँ से दाँए नीचे गिरता हुआ (घ) दाएँ से बाएँ ऊपर चढ़ता हुआ

Generally demand crurve of a commodilty is

(i) parellal to X- axis (ii) parellal to Y- axis

(iii) Left to right downward sloping (iv) right to left upward sloping

10. कॉफी की मूल्य में वृद्धि होने पर चाय की मांग

(क) बढ़ती है (ख) घटती है (ग) अपरिवर्तित रहती है (घ) इनमें से कोई नहीं

Due to change in coffec price, demand for tea will

(i) Increase (ii) decrease

(iii) not change (iv) None of these

11. अल्पकाल में ........... साधनों में कोई परिवर्तन नहीं होता:

(क) स्थिर (ख) परिवर्तनशील (ग) मानवीय (घ) भौतिक

12. ............ उत्पादन की मात्रा के साथ घटता -बढ़ता है

(क) स्थिर लागत (ख) परिवर्तनशील लागत (ग) अवसर (घ) सीमांत

13. एक अतिरिक्त इकाई की बिक्री से प्राप्त आय को ......... कहते हैं।

(क) सीमांत आय (ख) औसत आय (ग) कुल आय (घ) लाभ

14. .............. बाजार में वस्तुएँ समान कीमत पर बेची जाती है।

(क) पूर्णप्रतियोगी बाजार (ख) एकाधिकार (ग) अल्पाधिकार (घ) इँधिकार

15. पूर्ति का अर्थ है:

(क) उत्पादित वस्तुओं की मात्रा (ख) उत्पादित वस्तुओं का भंडार

(ग) बिक्री के लिए प्राप्त वस्तुओं की मात्रा (घ) कुल उत्पादित एवं आयातित वस्तुएँ

16. पूर्ति वक्र बताता है..........

(क) वस्तु के मूल्य (ख) वस्तु की पूर्ति

(ग) मूल्य एवं वस्तु की पूर्ति (घ) वस्तु की मांग

17. विक्रेता वस्तु को ................ से नीचे मूल्य पर बेचने को तैयार नहीं रहता।

(क) आरक्षित मूल्य (ख) औसत मूल्य (ग) सीमांत मूल्य (घ) इनमें से कोई नहीं

18. किस बाजार में AR = MR होता है?

(क) एकाधिकार (ख) एकाधिकारी प्रतियोगिता

(ग) (क) एवं (ख) दोनों (घ) पूर्ण प्रतियोगिता

19. किस बाजार में MR शून्य या ऋणात्मक होती है?

(क) एकाधिकार (ख) एकाधिकारी (ग) (क) एवं (ख) दोनों (घ) पूर्ण

20. फर्म के संतुलन के लिए आवश्यक है:

(क) MR = MC (ख) MR > MC (ग) MR < MC (घ) MR = MC = O

21. एडम स्मिथ के अनुसार अर्थशास्त्र

(क) भौतिक कल्याण का विज्ञान है (ख) सीमित साधनों का विज्ञान है

(ग) धन का विज्ञान है (घ) आवश्यकताविहीनता - संबंधी विज्ञान है।

According to Adam Smith economics if

(a) Physical Welfare Science (b) Limited means related Science

(c) Science of Wealth (d) Want lessness related Science

22. इनमें से किसे आर्थिक क्रियाओं का आदि तथा अंत कहते है

(क) उत्पाद (ख) उपभोग (ग) विनिमय (घ) वितरण

Which one of the following is the beginning and end of economic activitiecs

(a) Production (b) Consumption

(c) Exchange (d) distribution

23. अर्थशास्त्र है:

(क) यथार्थवादी विज्ञान (ख) आदर्शवादी विज्ञान

(ग) यथार्थवादी एवं आदर्शवादी विज्ञान दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

Economics is :-

(a) Positive Science (b) Normative Science
(c) Positvie and Normative both (d) Non of these

24. पूँजीवाद में साधनों का स्वामित्व होता है:

(क) सरकारी (ख) निजी (ग) निजी एवं सरकारी (घ) इनमें से कोई नहीं

In Capitalism the owrership of resourees are under:-
(a) Public (b) Private
(c) Public and Private (d) None of these

25. भारत में हैं:

(क) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था (ख) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(ग) समाजवादी अर्थव्यवस्था (घ) इनमें से कोई नहीं

In India There is :
(b) Capitalist economy (b) Mixed economy
(c) Socialist economy (d) None of these

26. मि़श्रित अर्थव्यवस्था की मुख्य विशेषता है:

(क) निजी स्वामित्व (ख) सार्वजनिक स्वामित्व
(ग) वर्ग-संघर्ष का अंत (घ) निजी एवं सार्वजनिक स्वामित्व दोनों

Main feature of mixed econmy is :
(c) Private ownership (b) Publice ownersip
(c) End of Class Conflict (d) Public ownership both.

27. जब सीमांत उपयोगित शून्य होती है तब कुल उपयोगिता होती है

(क) निम्नतम (ख) अधिकत्म
(ग) शून्य (घ) इनमें से कोई नहीं

When orarginal utility is zero then total utility is :
(a) Minimum (b) Maximum
(c) Zero (d) None of these

28. जब किसी वस्तु के मूल्य में कमी आती है तब

(क) मांग बढ़ती है (ख) मांग घटती है
(ग) मांग स्थिर रहती है (घ) मांग बढ़ती है तथ घटती भी है।

When the price of the commodity decreases then
(a) Demand inereases (b) Demand decreases
(c) Demand Constant (d) Demand increases and decreases both

29. मांग के लिए होना जरूरी है

(क) वस्तु की इच्छा (ख) साधन
(ग) खर्च करने की तत्परता (घ) इनमें से सभी

For demand the factors are necessary.
(a) Desire for good (b) Means
(c) Willingness to Spend (d) All these

30. अनिवार्य वस्तुओं की मांग होती है

(क) लोचदार (ख) बेलोचदार

(ग) सापेक्षिक लोचदार (घ) इकाई लोचदार

Demand for necessary goods are.

(a) Elastic (b) Inelastic

(c) Relatively elastie (d) Unit elastic

31. निम्नलिखित में से किस वस्तु की मांग लोचदार होती है?

(क) गेहूँ (ख) नमक (ग) हीरे- जवाहरात (घ) इनमें से कोई नहीं

From following which commodity demand is elastie?

(a) Wheat (b) Salt

(c) Dimand – jwellary (d) Non of these

32. उत्पादन का साधन है

(क) भूमि (ख) उपभोग (ग) विनिमय (घ) इनमें से कोई नहीं

Factor of production is.

(a) Land (b) Consumption

(c) Exchange (d) None of these

33. उत्पादन का अर्थ है

(क) उपयोगिता को नष्ट करना (ख) वस्तु का निर्माण

(ग) उपयोगिता का सृजन (घ) इनमें से सभी

Production means :

(a) To destroy utility (b) manufacture commodity

(c) To Create utility (d) All these

34. उत्पति वृद्धि नियम के अंतर्गत उत्पादन बढ़ता है

(क) घटती हुई दर से (ख) समान दर से

(ग) बढ़ती हुई दर से (घ) समान दर से

Under low of increasing returns production increases.

(a) Decreasing (b) Constant rate

(c) increasing rate (d) none of these

35. कृषि में मुख्य रूप से क्रियाशील होता है

(क) उत्पति वृद्धि नियम (ख) उत्पति ह्रास नियम

(ग) उत्पति वृद्धि नियम (घ) इनमें से सभी

Which law operates mainly in agriculture.

(a) Law of increasing returns (b) Law of decreasing returns

(c) Law of constant returns (d) All these

36. औसत लागत में कमी के साथ सीमांत लागत

(क) घटती (ख) बढ़ती है (ग) स्थिर रहती है (घ) इनमें से कोई नहीं

When average cost decreases, margainal cost

(a) decreases (b) inereases (c) constant (d) none of these

37. जैसे-जैसे बिक्री की इकाइयाँ बढ़ती है, औसत आय

(क) घटती (ख) बढ़ती है (ग) स्थिर रहती है (घ) इनमें से कोई नहीं

As units of sale increases average revenese

(a) Increases (b) Decreases

(c) Constant (d) none of these

38. रिकार्डो के अनुसार पूर्ण प्रतियोगिता में मूल्य का निर्धारण होता है

(क) उत्पादन व्यय द्वारा (ख) सीमांत उपयोगिता द्वारा

(ग) मांग एवं पूर्ति द्वारा (घ) इनमें से कोई नहीं

According to Ricardo under perfect completion price determined by

(a) by production cost (b) by maginal utility

(c) by demand and supply (d) none of these

39. दीर्घकालीन सामान्य मूल्य का निर्धारण होता है

क) मांग द्वारा (ख) मांग एवं पूर्ति के अस्थाई संतुलन द्वारा

(ग) मांग तथा पूर्ति के स्थाई संतुलन द्वारा (घ) इनमें से कोई नहीं

Long run general price is determined by

(a) by demand

(b) (b) by temporary equilibrium of demand and supply

(c) permanent eqquilbitrium of demand and supply

(d) by all these

40. एकाधिकारी अपना लाभ तभी अधिकतम कर सकता है जब:

क) उसका उत्पादन अधिकतम है (ख) उसका कीमत अधिक है

(ग) औसत लागत न्यूनतम है (घ) सीमांत लागत, सीमांत आय के बराबर है।

A monopolist maximize his profity when

(a) His production is maximum (b) his price is maximum

(c) average cost is minimum (d) marginal cost is equal to marginal revenue.

## **Short Answer Questions:**

1. राष्ट्रीय आय लेखांकन के किन्ही दो उपयोगों को बताए।

Mention any two uses of national income accounting.

2साख निर्माण से क्या आश्य है?

1. यदि औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) 0.2;0.4;0.7 है तो औसत बचत प्रवृत्ति (APS) की गणना कीजिए।

If Average Propensity to consume is 0.2, 0.4, 0.7 then calculate the average Propensity to save.

2. व्यापार - शेष क्या आशय है ?

What do you mean by Balance of trade?

3. विदेशी विनिमय बाजार की परिभाषा दीजिए।

Define Foreign exchange market.

1. बाजार माँग के निर्धारक कारक बताए।

Discuss the determinant of market demand.

1. उपभोक्ता संतुलन से क्या आशय है?
2. घटती हुई सीमांत प्रतिस्थापन दर से क्या समझते है।
3. समोत्पादक रेखा से क्या समझते है?
4. एक वस्तु की कीमत-माँग लोच 2 है। यदि माँग की मात्रा में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

1. बाजार मूल्य एवं सामान्य मूल्य के बीच संबंधों का विवरण दें।
2. पूर्ण प्रतियोगिता एवं अपूर्ण प्रतियोगिता में औसत तथा सीमांत आय की प्रकृति की व्याख्या करें।
3. बैंक से आप क्या समझते है? केन्द्रीय बैंक के कार्यों का संक्षिप्त में वर्णन करें।
4. राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते है। उसकी मान की मुख्य कठिनाइयों का वर्णन करें।
5. पूर्णप्रतियोगिता एवं एकाधिकार में क्या अंतर है?

# SET-9

**विषय - अर्थशास्त्र**

**उत्तरमाला**

1. (iv), 2. (iv), 3. (iv), 4.( i), 5. (iii), 6.( i), 7.( iv), 8. (i), 9.( iii), 10.( i), 11.( i), 12. (ii), 13. (i), 14. (i), 15. (ii), 16. (iii), 17. (ii) 18. (iv), 19. (iii), 20. (i), 21. (iii), 22. (ii), 23. (iii) 24. (ii), 25. (ii), 26. (iv), 27. (ii), 28. (i), 29. (iv), 30. (ii) 31. (iii), 32. (i), 33. (iii), 34. (iii) 35. (ii), 36. (i), 37. (ii), 38. (i), 39. (iii), 40. (iv),

## Short Answer Questions

1. राष्ट्रीय आय लेखांकन के किन्ही दो उपयोगों को बताए।

Mention any two uses of national income accounting.

**उत्तर** - राष्ट्रीय आय लेखांकन के दो उपयोग निम्नलिखित है:

(i) आर्थिक उपलब्धि का सूचक - एक देश की आर्थिक उपलब्धि को जानने व मापने का राष्ट्रीय लेखांकन सबसे ज्यादा सरल एवं समुचित साधन है। यह हमें एक देश के प्राकृतिक, मानवीय एवं पूँजीगत साधनों के उपयोग से प्राप्त उपलब्धियों को बताता है।

(ii) आर्थिक विकास का माप - राष्ट्रीय लेखांकन के आकड़े हमें एक देश के आर्थिक विकास एवं आर्थिक कल्याण के स्तर एवं दिशा को मापने में भी सहायता करते हैं। ये हमें आर्थिक विकास की दर एवं भावी संभावाओं के बारे में भी जानकारी देते हैं।

2. साख निर्माण से क्या आश्य है?

What do you mean by creadit creation ?

**उत्तर** - साख निर्माण वाणिज्य बैंकों का एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। साख निर्माण से आशय है बैंक जमाओं का निर्माण अथवा बैंक जमाओं में वृद्धि। वाणिज्य बैंक ऋृण एवं अग्रिम देकर अपनी जमाओं का विस्तार करते हैं। वे अपने विरूद्ध दावे निर्माण करते हैं और उद्यार लेने वालों के पक्ष में जमाओं का निर्माण करते हैं।

3. यदि औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) 0.2;0.4;0.7 है तो औसत बचत प्रवृत्ति (APS) की गणना कीजिए।

If Average Propensity to consume is 0.2, 0.4, 0.7 then calculate the average Propensity to save.

**उत्तर** - : APC + APS = 1

: APC = 1 – APS

(i) APC = 1 – 0.3 = 0.7

(ii) APC = 1 – 0.5 = 0.5

(iii) APC = 1 – 0.8 = 0.2

4. व्यापार - शेष क्या आशय है ?

What do you mean by Balance of trade?

**उत्तर** - व्यापार - शेष से तात्पर्य एक वर्ष के दौरान एक देश के दृश्य आयातों और दृश्य निर्यातों के व्यवस्थित रिकॉड से है। वस्तुओं के निर्यात और आयातों के शेष को व्यापार शेष कहते हैं। दूसरे शब्दों में, दृश्य निर्यातों में से दृश्य आयातों को घटाकर हम एक देश के व्यापार - शेष को मालूम कर सकते हैं।

व्यापार - शेष = दृश्य निर्यात - दृश्य आयात

यदि देश के निर्यात आयातों से अधिक हैं तो व्यापार -शेष अनुकूल (बचत का) होता है और यदि आयात निर्यातों से अधिक है तो व्यापार - शेष प्रतिकूल (घाटे का) होता है।

संक्षेप में,

अनुकूल (या बचत का) व्यापार शेष = निर्यात > आयात

प्रतिकूल (या घाटे का) व्यापार शेष = आयात > निर्यात

एक देश के निर्यात और आयात मुश्किल से ही बराबर होते हैं। किसी भी एक अवधि में एक देश का व्यापार -शेष या तो अनुकूल (बचत का) होता है या प्रतिकूल (घाटे का) होता है।

5. विदेशी विनिमय बाजार की परिभाषा दीजिए।

Define Foreign exchange market.

उत्तर - विदेशी विनिमय बाजार वह बाजार होता है जिसमें विदेशी मुद्राओं को खरीदा व बेचा जाता है। इस प्रकार यह विदेशी मुद्रा के खरीद व बिक्री का एक संस्थागत प्रबंध है। निर्यातकर्त्ता विदेशी मुद्राओं की बिक्री का एक संस्थागत मुद्राओं की बिक्री करते हैं जबकि आयातकर्त्ता इनकी खरीददारी करते हैं। आयात-निर्यात करने वाले व्यापारी अपने विदेशी भुगतानों के लिए अपनी विदेशी मुद्राओं को घरेलू मुद्राओं में बदलते हैं और अपनी घरेलू मुद्राओं को विदेशी मुद्राओं बदलते हैं। विदेशी विनिमय बाजार में मुख्य प्रतिभागी हैं वाणिज्य बैंक, विदेशी विनिमय दलाल, अन्य अधिकृत डीलर और मौद्रीक प्राधिकारी।

6. बाजार माँग के निर्धारक कारक बताए।

Discuss the determinant of market demand.

**उत्तर** - सभी कारक जो व्यक्तिगत - परिवारों की माँग को प्रभावित करते हैं, वे बाजार माँग को भी प्रभावित करते हैं।

**ये हैं:**

(i) वस्तु की कीमत

(ii) उपभोक्ताओं की आय में परिवर्तन।

(iii) संबंधित वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन।

(iv) अभिरूचियों में परिवर्तन।

इन कारकों के अलावा, बाजार माँग को प्रभावित करने वाले अन्य महत्वपूर्ण कारक निम्नलिखित हैं:

(i) जनसंख्या एवं परिवारों की संख्या

(ii) आय व धन का वितरण

(iii) सरकारी नीति

7. उपयोगिता विश्लेषण की सीमाओं का उल्लेख करें।

Decribe the limitations of utility analysis.

**उत्तर** - (i) उपयोगिता विशलेषण की एक प्रमुख सीमा यह है कि उपयोगिता का संख्यात्मक माप संभव है।

उपयोगिता एक मनोवैज्ञानिक एवं भावात्मक अवधारणा है। अत: इस गणितीय संख्याओं में नहीं बताया जा सकता।

(ii) उपयोगिता विश्लेषण की यह मान्यता कि मुद्रा की सीमांत उपयोगिता स्थिर रहती है एक अवास्तवित मान्यता है। वास्तव में तो मुद्रा की उपयोगिता एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के लिए अलग-अलग होती है।

(iii) यह विश्लेषण अविभाजनशील वस्तुओं पर लागू नहीं हो पाता।

(iv) एक वस्तु की उपयोगिता के समय, स्थान और व्यक्ति के अनुसार परिवर्तन आता रहता है।

अत: इस प्रकार की लगातार बदलते रहने वाली अवधारण के बारे में निशचित नियम नहीं बनाए जा सकते।

5. उपभोक्ता संतुलन से क्या आशय है?

**उत्तर** - जब एक उभोक्ता अपनी दी हुई आय को दी हुई कीमतों पर वस्तुओं के किसी निश्चित संयोग पर इस प्रकार खर्च करें कि उसकों उस संयोग से अधिकतम संतुष्टि प्राप्त हो तो संबंधित संयोग बिन्दु उपभोक्ता के लिए संतुलन बिन्दु कहलाएगा। वह उस संयोग में कोई परिवर्तन नहीं करेगा क्योंकि परिवर्तन करने से उसका संतोष अधिकतम नहीं रहा पाएगा। अत: उपभोक्ता अपनी निश्चित आय और दी हुई कीमतों से अधिकतम संतोष को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है और यही अधिकतम संतोष का बिन्दु उपभोक्ता संतुलन कहलाता है।

6. घटती हुई सीमांत प्रतिस्थापन दर से क्या समझते है।

**उत्तर** - घटती हुई सीमांत प्रतिस्थापन दर की वजह से ही उदासीनता वक्र मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर होता है। उपभोक्ता जैसे-जैसे किसी वस्तु की उवरोतर इकाइयाँ को उपभोग करता है वैसे -वैसे वह प्रत्येक अतिरिक्त इकाई के लिए दूसरी वस्तु की कम इकाइयाँ त्यागने को तैयार रहता है इस प्रकार एक उपभोक्ता जब अपने उपभोग में X वस्तु की इकाई

को बढ़ता है तब नए संयोग से पहले के बराबर संतुष्टि प्राप्त करने के लिए Y वस्तुओं की इकाइयाँ को घटाता है। दूसरे शब्दों में, बढ़ी हुई मात्रा से उसे जितनी अधिक संतुष्टि मिल रही है उतनी ही संतुष्टि की कमी घटाई गई वस्तु से होनी चाहिए।

7. समोत्पादक रेखा से क्या समझते है?

**उत्तर** - समोत्पादक वक्र उत्पति के दो साधनों के ऐसे विभिन्न संयोगों को प्रदर्शित करता है जिनसे उत्पादक एक समान उत्पादन प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार, एक समोत्पादक वक्र दो साधनों (श्रम एवं पूँजी) के उन विभिन्न संयोंगों को प्रदर्शित करता है जिनसे समान मात्रा में उत्पादन होता है। अर्थशास्त्र कोहन के अनुसार "एक सम उत्पादक वक्र वह वक्र होता है जिस पर उत्पादन की अधिकतम प्राप्ति दर स्थिर होती है"

1. एक वस्तु की कीमत-माँग लोच 2 है। यदि माँग की मात्रा में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो कीमत में कितना प्रतिशत परिवर्तन होगा?

उत्तर - यहाँ, $e_D = 2$ ; माँग में प्रतिशत परिवर्तन = 10 %

माना कि कीमत में प्रतिशत परिवर्तन = A

$$e_D = \frac{\text{माँग की प्रतिशत परिवर्तन}}{\text{कीमत में प्रतिशत परिवर्तन}}$$

$2 = \frac{10}{A}$ या $A = \frac{10}{2} = 5\%$ (कीमत में प्रतिशत परिवर्तन)

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. बाजार मूल्य एवं सामान्य मूल्य के बीच संबंधों का विवरण दें।

**उत्तर** - बाजार मूल्य एवं सामान्य मूल्य में बहुत सारे अंतरों के रहते हुए भी के अस्थाई संतुलन का परिणाम होता है जबकि सामान्य मूल्य दोनों के स्थाई संतुलन का परिणाम होता है। लेकिन, बाजार मूल्य में सामान्य मूल्य के निकट आने की प्रवृति होती है। इसलिए यह कहा जाता है कि बाजार मूल्य सामान्य मूल्य के इर्द-गिर्द चक्कर काटता है। बाजार मूल्य सामान्य मूल्य से अधिकार उसके बराबर या कम हो सकता है। उनके बीच संबंध को एक रेखाचित्र द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है।

चित्र में सामान्य मूल्य की रेखा सीधी रेखा है जबकि बिन्दुवाली रेखा बाजार मूल्य का दिखाती है। चित्र से यह स्पष्ट है कि बाजार मूल्य सामान्य मूल्य के इर्द-गिर्द चक्कर काटता है लेकिन उसकी प्रवृति सामान्य मूल्य के समीप आने की होती है।

परंतु बाजार मूल्य में सामान्य मूल्य से ऊपर या नीचे रहने की स्थिति बहुत देर तक बरकरार नहीं रह सकती। यदि बाजार मूल्य अधिक है वो ऐसी स्थिति में वस्तु का उत्पादन अधिक होने लगेगा।

फलस्वरूप कीमत में कमी आएगी, स्टॉक बढ़ेगा तथा उत्पादकों को घाटा होगा। यह स्थिति तब तक बनी रहेगी जबतक बाजार मूल्य सामान्य मूल्य के बराबर न हो जाए। जब बाजार मूल्य सामान्य मूल्य से कम होगा तब दूसरी स्थिति बनेगी।  मांग की तुलना में पूर्ति कम होगी, जिसके फलस्वरूप बाजार मूल्य लगेगा। इस प्रकार, बाजार मूल्य सामान्य मूल्य के बराबर हो जाए। अतः ये स्पष्ट होता है कि बाजार मूल्य में सामान्य मूल्य समीप आने की प्रवृति होती है।

2. पूर्ण प्रतियोगिता एवं अपूर्ण प्रतियोगिता में औसत तथा सीमांत आय की प्रकृति की व्याख्या करें।


**उत्तर** – औसत आय के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण बात है कि


(i) औसत आय (AR) ही मूल्य या कीमत कही जाती है

(ii) औसत आय रेखा ही मांग रेखा (demand curse) होती है।

(iii) पूर्ण प्रतियोगिता में औसत आय रेखा पड़ी हुई रेखा होती है जबकि अपूर्ण प्रतियोगिता में औसत आय रेखा नीचे को गिरती हाती है।

पूर्ण प्रतियोगिता में पड़ी हुई AR रेखा यह बताती है कि एक दी हुई कीमत पर फर्म अपनी वस्तु की कितनी भी मात्रा बेच सकती है। फर्म से उक इकाई की बिक्री से एक ही मूल्य प्राप्त होता है, अतः AR =MR होता है। यह चित्र से स्पष्ट है वस्तु की प्रत्येक इकाई के लिए एक ही कीमत मिलती है। अपूर्ण प्रतियोगिता में गिरती हुई औसत आय (AR) रेखा यह बताती है कि फर्म कम कीमत पर ही वस्तु की अधिक इकाई बेच सकती है। अर्थात् यदि वह वस्तु की अधिक इकाइयों बेचना चाहे तो उसे कम कीमत पर ही बेच पाएगी। चित्र में औसत आय (AR) तथा सीमांत आय (MR) की रेखाएँ नीचे की ओर गिरती हुई है जबकि औसत आय की तुलना में सीमांत आय की रेखा अधिक तेजी से गिरती है ऐसा इसलिए हाता है कि अतिरिक्त इकाई बेचने के लिए कीमत घटना पड़ता है। अपूर्ण प्रतियोगिता, एकाधिकार, अल्पाधिकार, एकाधिकारी प्रतियोगिता स्थितियों में AR तथा MR की रेखाएँ नीचे की ओर गिरती हुई होती है।




3. बैंक से आप क्या समझते है ? केन्द्रीय बैंक के कार्यो का संक्षिप्त में वर्णन करें।

**उत्तर** – आधुनिक युग में बैंक महत्वपूर्ण संस्था है, जिसने आर्थिक विकास को प्रोत्साहित किया है। बैंक का आरंभ तथा इसका लोकप्रिय होना इसके द्वारा संपादित कार्यों से जुड़ा हुआ है। बैंक शब्द बैंक से निकला है। इस शब्द का अर्थ या बेंचों पर बैठकर मुद्रा का अदल–बदल करना। इसके निकास का इतिहास काफी पुराना है। कई स्वरों से गुजरकर बैंक वर्तमान स्थिति में पहुँची है। सोनार तथा सर्राकों के कार्यों न आधुनिक बैंको के विकास को सुगम बना दिया। यह माना जाता है कि 1694 में बैं क ऑफ इंग्लैण्ड की स्थापना के साथ आधुनिक बैंकिंग का विकास प्रारंभ हुआ।

बैंक की परिभाषा कई प्रकार से दी गई है। विद्वानों में परिभाषा को लेकर मतभेद है इसलिए कोई सर्वमान्य परिभाषा नहीं है। लेकिन इन परिभाषाओं से हम बैंक या बैंकर के कार्य का परिचय मिल जाता है।

प्रो0 सेचर्स के अनुसार" बैंक वह संस्था है जिसके ऋणों को दूसरे व्यक्तियों के ऋणों के अंतिम भुगतान के लिए विस्तृत रूप से स्वीकार किया जाता है।"

सभी देशो में मौद्रिक व्यवस्था के शिखर पर एक केन्द्रीय बैंक होता है। यह बैंक सरकार के अधीन होता है, जो देश के जरूरतों अनुरूप मौद्रिक नीति का निर्माण करता है तथा उसे क्रियान्वित कराने का प्रयास करता है। केन्द्रीय बैंक के निम्नलिखित है।

1) नोट निर्गयन का एकाधिकार
2) सरकार की सामान्य बैंकिग तथा एजेन्सी सेवाओं का संवादन
3) व्यावसायिक बैंकों के नकद कोस का संरक्षण
4) देश के अतंरराष्ट्रीय करेंसी कोष का संरक्षण तथा प्रबंध
5) बैंको के बैंक तथा अंतिम ऋणदाता का कार्य
6) बैंको के बीच समाशोधन गृह का कार्य
7) साख का नियंत्रण।

सभी देशों में केन्द्रीय बैंक इन कार्यो का संपादन करता है। भारतीय रिजर्व बैंक भी इन सभी कार्यों का संपादन, देशहित का ध्यान में रखते हुए करता है।

4. राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते है। इसकी माप की मुख्य कठिनाइयों का वर्णन करें।

**उत्तर** – वितरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय आय की धारणा का महत्वपूर्ण स्थान है। देश में उत्पादन के विभिन्न साधनों के सहयोग से जो राष्ट्रीय आय का उत्पादन होता है उसे किस से उन सभी साधनों के बीच वितरीत कर दिया जाता है। राष्ट्रीय आय तथा देश के आर्थिक विकास में घनिष्ट संबंध होता है। जिस देश की राष्ट्रीय आय अधिक होती है उसे विकसित कहा जाता है जबकि कम राष्ट्रीय आयवाले देशों को अर्हविकसित की श्रेणी में रखा जाता है।

मार्शल के अनुसार "किसी देश का श्रम तथा पूंजी वहाँ के प्रावृतिक साधनों पर क्रियाशील होकर प्रतिवर्ष भौतिक तथा अभौतिक वस्तुओं का शुद्ध समूह उत्पन्न करते है जिसमें सभी तरह की सेवाएँ भी

शामिल रहती है। यह देश की निशुद्ध वार्षिक आय या राष्ट्रीय लाभांश है।" राष्ट्रीय आय की गणना में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है जिनमें निम्नलिखित प्रमुख है:

(i) राष्ट्रीय आय की गणना में दोहरी गणना की संभावना बनी रहती है। इस समस्या का सामना करना पड़ता है।

(ii) विश्वसनीय आंकड़ों का अभाव दूसरी महत्वपूर्ण कठिनाई है। खासकर, भारत जैसे देश में इसकी नितांत कमी है।

(iii) बहुत सी वस्तुएँ तथा सेवाएँ जिनका मुद्रा के द्वारा लेन-देन नहीं होता उनकी गणना राष्ट्रीय आय में नहीं हो पाती, क्योंकि राष्ट्रीय आय की गणक द्रव्य में की जाती है। घर की महिलाओं की सेवा या स्वयं उत्पादित वस्तुओं का घर में उपभोग ऐसे उदाहरण है जिन्हें राष्ट्रीय आय में सामान्य तथा नहीं गिना जाता। इस कारण राष्ट्रीय आय की सही गणना नहीं हो पाती।

(iv) राष्ट्रीय आय की गणना तथा तुलना में मूल्य परिवर्तनों के कारण भी कठिनाईयों होती है। मूल्य-परिवर्तनों का समयोजन करते हुए सही मूल्य निर्देशांक का प्रयोग करना पड़ेगा लेकिन, मूल्य निर्देशांक के निर्माण में अनेक कठिनाइयों होती है तथा वे पूर्णत: सहीं नहीं होते।

(v) अवविकसित देशों में राष्ट्रीय आय की गणना सही नहीं हो पाती क्योंकि अर्थव्यवस्था के एक बड़े भाग में वस्तु विनिमय प्रचलित होता है तथा वह अनुद्रीकृत होता है।

(vi) सरकार के व्यय तथा करों, के कारण भी कठिनाई होती है। साथ ही विभिन्न देशों में इनसे संबधित नीतियों में अंतर भी होता है। ये कठिनाइयाँ है फिर भी सावधानी एवं विशेष ध्यान द्वारा इन्हें बहुत हद तक कम किया जा सकता है तथा राष्ट्रीय आय की गणना की जा सकती है।

5. पूर्ण प्रतियोगिता एवं एकधिकार में क्या अंतर है?

**उत्तर** - पूर्ण प्रतियोगिता बाजार की वह स्थिति होती है जिसमें क्रेताओं तथा विक्रेताओं की संख्या अधिक होती है। कोई एक क्रेता या विक्रेता अपनी क्रिया या प्रयास द्वारा बाजार मूल्य को प्रभावित नहीं सकता। बाजार में स्वंतत्र प्रतियोगिता होती है, वस्तुंए समरूप होती है तथा संपूर्ण बाजार में समानता पाई जाती है। एकधिकार बाजार में वस्तु का एकमात्र विक्रेता होता है और वस्तु की पूर्ति पर उसका नियंत्रण होता है। पूर्ण प्रतियोगिता एवं एकाधिकार बाजार की स्थिति को देखते हुए इन दोनों के अंतरों का विशलेषण कर सकते है।

| **पूर्णप्रतियोगिता** | **एकाधिकार** |
|---|---|
| 1. पूर्णप्रतियोगिता में विक्रेताओं की संख्या अधिक होती है। | एकाधिकार में एकमात्र विक्रेता होता है। |

| | |
|---|---|
| 2. विक्रेताओं की संख्या अधिक होने के इसमें स्वतंत्र एंव पूर्ण प्रतियोगिता होती है | इसमें प्रतियोगिता का पूर्ण अभाव पाया जाता हैं |
| 3. वस्तुएँ समरूप होती है। | समान वस्तु का उत्पादन होता है, वस्तु का निकट स्थानापथ नहीं होता। |
| 4. इसमें उद्योग में फर्मों का स्वतंत्र प्रवेश बहिर्गमन होता है। | फर्मों के प्रवेश पर एकाधिकार में रूकावटें होती |
| 5. वस्तु में समरूपता के कारण विज्ञापन पर नहीं होता। | विज्ञापन पर खर्च बहुत कम होता है। |
| 6. वस्तुओं के मूल्य में समानता पाई जाती है | एकाधिकारी विभिन्न बाजारों में मूल्य विभेद सकता है। |

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला**

**अर्थशास्त्र** **( Economics )**

# SET-10

प्रश्न संख्या 1 से 40 तक, प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर चुनें।

40 x 1 = 40

Select the correct Answer of each Question from Question no. 1 to 40.

1. वस्तु की मांग प्रभावित होती है

(i) उपयोगिता से (ii) उत्पादकता से (iii) लाभदायकता से (iv) इनमें से कोई नहीं

Demand for any commodity is affected from

(i) Utility (ii) Productivity (iii) Profitability (iv) None of these

2. काफी के मूल्य में वृद्धि होने पर चाय की मांग

(i) बढ़ती है (ii) घटती है (iii) आपरिवर्तित रहती है (iv) इनमें से कोई नहीं

When price of coffee increase the demand for tea

(i) Increases (ii) decreases (iii) Unchanged (iv) None of these

3. पेट्रोल के मूल्य में वृद्धि से कार की मांग में

(i) वृद्धि (ii) कमी (iii) स्थिर (iv) अप्रभावित

Due to increase in Patrol the demand for car will

(i) Increase (ii) Decrease (iii) Keep constant (iv) No effect

4. सेव के मूल्य में वृद्धि के कारण सेव की मांग में

(i) कमी (ii) विस्तार (iii) वृद्धि (iv) अप्रभावित

Due to increase in price of apple the demand for apple will

(i) Decreases (ii) Extend (iii) Increase (iv) No effect

5. अद्यौगिक विकास के कारण मजदूरी की मांग में वृद्धि उदाहरण है

(i) आय मांग (ii) क्रास मांग (iii) व्युत्पन्न मांग (iv) प्रतियोगी मांग

Increase is the demand for wages due to industrial development is an example of

(i) Income demand (ii) Cross demand

(iii) Derived demand (iv) Competitive demand

6. अल्पकाल में -------------- साधनों में कोई परिवर्त्तन नहीं होता

(i) स्थिर (ii) परिवर्त्तनशील (iii) मानवीय (iv) भौतिक

In short period there is no change in ---------------factors.

(i) Fixed (ii) Variable (iii) Human (iv) Physical

7. आधुनिक अर्थशास्त्र ने ----------------- के नियम को ईजाद किया

(i) उत्पति वृद्धि नियम (ii) उत्पति ह्रास नियम

(iii) उत्पति समता नियम (iv) परिवर्तित अनुपात नियम

Modern economics have propounded the law of ----------------

(i) Increasing Return (ii) Decreasing Return
(iii) Constant Return (iv) Variable Proportion

8. **-----------** उत्पादन के सभी साधनों में परिवर्तन संभव है।

(i) अल्पकाल (ii) दीर्घकाल (iii) मध्यवर्ती काल (iv) बाजार काल

In the -------------- Change in all factors of production is possible

(i) Short period (ii) Long period (iii) Intermediate period (iv) Market period

9. **<u>कुल उत्पाद</u>**

परिवर्तनशील साधन की इकाई

उपरी फार्मूला -------------- को हल करने में उपयोग होता है

(i) कुल उत्पादन (ii) औसत उत्पादन (iii) सीमांत उत्पाद (iv) वार्षिक उत्पाद

**<u>Total Product</u>**

Units of variable factors

The above formula is used to calculate ---------------------

(i) Total Product (ii) Average Product
(iii) Marginal Product (iv) Annual Product

10. व्याष्टि अर्थशास्त्र अध्ययन है

(i) राष्ट्रीय आय का (ii) राष्ट्रीय उत्पादन का
(iii) एक विशिष्ट फर्म का (iv) इनमें से सभी

Micro-economics is the study of

(i) National income (ii) National Production
(iii) A particular firm (iv) All of these

11. निम्न में से किसमें निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र का सह अस्तित्व होता है?

(i) पूंजीवादी अर्थव्यवस्था (ii) समाजवादी अर्थव्यवस्था
(iii) मिश्रित अर्थव्यवस्था (iv) इनमें से कोई नहीं

In which of the following, that is coexistence of both private and public sector?

(i) Capitalist economy (ii) Socialist economy
(iii) Mixd economy (iv) Non of these

12. उत्पादन समभावना वक्र की अवधारणा जुड़ी है

(i) सेंम्यूल्सन से (ii) मार्शल से
(iii) हिक्स से (iv) रॉबिन्स से

The concept of production possibility curve is associated with

(i) Samuelson (ii) Marshall
(iii) Hicks (iv) Robbins

13. निम्नांकित में सेवा के उदाहरण है

(i) चिकित्सकों के कार्य (ii) अध्यापकों के कार्य

(ii) वकीलों के कार्य (iv) इनमें सभी

Which of the following is the example of service

(i) Work of doctors (ii) work of teachers

(iii) Work of Lawyers (iv) All of these

14. निम्नांकित में से कौन आर्थिक वस्तु है?

(i) टेलीविजन (ii) हवा (iii) सूर्य की रोशनी (iv) नदी का पानी

Which one is economic good in the following?

(i) Television (ii) Air (iii) Sunlight (iv) Water of river

15. दुर्लभता की समस्या इसलिए है क्योंकि हमारे साधन है

(i) असीमित (ii) सीमित (iii) प्रर्याप्त (iv) बहुत ज्यादा

Scarcity problem arises because our resources are

(i) Unlimited (ii) Limited (iii) Sufficient (iv) Vast

16. किस प्रकार की अर्थव्यवस्था को मूल आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है

(i) पूंजीवादी (ii) समाजवादी (iii) मिश्रित (iv) सभी

Which type of economy has to face the basic economic problem?

(i) Capitalistic (ii) Socialistic (iii) Mixed (iv) Every

17. सभी आर्थिक समस्याओं के कारण है

(i) असीमित इच्छाएँ (ii) सीमित साधन (iii) विभिन्न प्रधानता (iv) इनमें सभी

All economic problems are due to

(i) Unlimited wants (ii) Limited means

(iii) Different priorities (iv) All of these

18. निम्न में से कौन धन की विशेषता है?

(i) उपयोगिता (ii) सीमितता (iii) विनिमय-साध्यता (iv) इनमें से सभी

Which one is the characteristics of wealth?

(i) Utility (ii) Scarcity (iii) Exchangeability (iv) All of these

19. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या क्या है?

(ii) साधनों का आवंटन (ii) साधनों का कुशलतम प्रयोग

(iii) आर्थिक विकास (iv) इनमें से कोई नहीं

What is the central problem of an economy?

(i) Allocation of resources (ii) Optimum use of resources

(iii) Economic development (iv) None of these

20. उत्पादन संभावना वक्र का ढ़ाल गिरता है

(i) नीचे से ऊपर (ii) दाये से बायें

(iii) बायें से दाये (iv) ऊपर से नीचे

The production possibility curve slopes

(i) from below to above (ii) from right to left

(iii) from left to right (iv) from above to below

21. एक देश का आर्थिक विकास निर्भर करता है

(i) पूंजी संसाधन (ii) बाजार का आकार

(iii) प्राकृतिक खनिज (iv) इनमें सभी

A county development depends

(i) Capital resource (ii) Size of market

(iii) Natural mines (iv) All of these

22. एक समाजवादी अर्थव्यवस्था का मूल उद्देश्य होता है

(i) लाभ आर्जित करना (ii) गलाकाट प्रतियोगिता

(iii) नियंत्रण मुक्त व्यवस्था (iv) अधिकतम लोक कल्याण

The main objective of a socialist economy

(i) To earn profit (ii) Cut-throat competition

(iii) Control free economy (iv) Maximum social welfare

23. उपभोक्ता व्यवहार पढ़ा जाता है-

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में (ii) समाष्टि अर्थशास्त्र में

(iii) (अ) और (ब) दोनों में (iv) इनमें से किसी में नहीं

Consumer's behaviour is studied in

(i) Micro economics (ii) Macro economics

(iii) (i) and (ii) both (iv) None of these

24. उपयोगिता की माप की जा सकती है

(i) वस्तुओं के विनियम द्वारा (ii) वस्तु के चमक द्वारा

(iii) मुदा द्वारा (iv) इनमें से कोई नहीं

Utility is measured by

(i) Exchange of commodities (ii) Sale of commodity

(iii) By Money (iv) Non of these

25. गोसेन का प्रथम नियम क्या है?

(i) मांग का नियम (ii) सम-सीमान्त उपयोगिता नियम

(iii) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम (iv) उपभोक्ता की बचत

Which is the first law of Gossen?

(i) Law of demand (ii) Law of equi-marginal Utility

(iii) Law of diminishing marginal utility (iv) Consumer's surplus

26. सम-सीमांत उपयोगिता नियम के प्रतिपादक है

(i) गोसेन (ii) पीगू (iii) एडम स्मिथ (iv) रिकार्डो

Law of equi-marginal utility is propounded by

(i) Gossen (ii) Pigou (iii) Adam Smith (iv) Ricardo

27. सीमान्त उपयोगिता की गणना हम करते है

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

We calculate Marginal utility as

(i) $\frac{\Delta TU}{\Delta Q}$ (ii) $\frac{\Delta MU}{\Delta Q}$ (iii) $\frac{\Delta Q}{\Delta TU}$ (iv) $\frac{\Delta Q}{\Delta MU}$

28. जब कुल उपयोगिता (TU) अधिकतम होता है तब सीमांत उपयोगिता (MU) होता है

(i) धनात्मक (ii) ऋणात्मक (iii) शून्य (iv) इनमें से कोई नहीं

When Total Utility (TU) becomes maximum then marginal utility is

(i) Positive (ii) Negative (iii) Zero (iv) None of these

29. निम्न में से कौन सत्य है

(i) TU तब तक उच्चतम होता है जब तक MU धनात्मक रहता है।

(ii) TU तब उच्चतम होता है जब MU शून्य के बराबर हो जाता है।

(iii) TU तब गिरने लगता है जब MU ऋणात्मक होने लगता है

(iv) उपर्युक्त सभी

Which of the following is true

(i) TU increases till MU is positive (ii) TU is maximum when MU is equal to zero (iii) TU decreases when MU is negative (iv) All of the above

30. उदासीनता वक्र होता है

(i) उद्गम की ओर उत्तल (ii) उद्गम की ओर अवतल

(iii) (अ) और (ब) दोनो सत्य (iv) सभी असत्य

Indifference curse is

(i) Convex to the origin (ii) Concave to the origin

(ii) Both (a) and (b) (iv) All of these

31. उपयोगिता का गणना वाचक सिद्धांत किसने दिया

(i) मार्शल (ii) पीगु (iii) हिक्स (iv) रॉबिन्स

Who gave the cardinal concept of utility?

(i) Marshall (ii) Pigou (iii) Hicks (iv) Ricardo

32. एक उपभोक्ता के रूप में आप

(i) उपयोगिता को अधिकतम करेगें (ii) अधिक से अधिक वस्तुए खरीदेगें

(iii) उत्पादन लागत कम करेगें (iv) वस्तु खरीदना पसंद नहीं करेगें

As a consumer you will

(i) Maximize utility (ii) Purchase more and more commodity

(iii) Reduce production cost (iv) Not like purchase commodity

33. मांग के लिए होना जरूरी है-

(i) वस्तु की इच्छा (ii) साधन (iii) खर्च करने की तत्परता (iv) इनमें से सभी

For demand it is essential

(i) Witting for commodity (ii) Resource

(iii) Will to spend (iv) All of these

34. जब किसी वस्तु के मूल्य में कमी आती है तब

(i) मांग बढ़ती है (ii) मांग घटती है

(iii) मांग स्थिर रहती है (iv) मांग बढ़ती और घटती भी है

When price of a commodity decreases then

(i) Demand increases (ii) Demand decreases

(iii) Demand constant (iv) Demand increases and also decreases

35. भारत में वित्तिय वर्ष है:

(i) 1 अप्रैल से 31 मार्च (ii) 1 जनवरी से 31 दिसम्बर

(iii) 1 अक्टूबर से 30 सितम्बर (iv) इनमें से कोई नहीं

Financial year in India is:

(i) 1 April to March 31 (ii) 1 January 1 to December 31

(iii) 1 October to 30 September (iv) None of these

36. राष्ट्रीय आय विषय --------------- से संबंधित है

(i) माइक्रो अर्थशास्त्र (ii) मैक्रो अर्थशास्त्र

(iii) दोनों (i) एवं (ii) (iv) न (क) न (ख)

Study of national income is related to ----------------

(i) Micro economics (ii) Macro economics

(iii) Both (i) and (ii) (iv) Neither (a) nor (ii)

37. द जेनरल थ्योरी ऑफ इम्लाएमेन्ट इंटरेस्ट एवं मनी ----------- द्वारा लिखा गया है

(i) मार्शल (ii) रैगनर

(iii) कीन्स (iv) रिकार्डो

The General Theory of Employment, Interest and Money was written by ----------

(i) Marshall (ii) Ranger

(iii) Keynes (iv) Ricardo

38. पर्वत एवं नदियाँ है -----------

(i) राष्ट्रीय पूँजी (ii) राष्ट्रीय धन

(iii) वास्तविक पूँजी (iv) अन्तर्राष्ट्रीय पूँजी

Mountain and rivers are ----------

(i) National Capital (ii) National wealth

(iii) Real Capital (iv) International Capital

39. एक अर्थव्यवस्था जिसका आर्थिक संबंध दूसरे देशों से होता है वो जाना जाता ---------

(i) बंद अर्थव्यवस्था (ii) खुली अर्थव्यवस्था

(iii) स्वयं अर्थव्यवस्था (iv) इनमें से कोई नहीं

An economy which has economic relations to other countries is known as----------

(ii) Closed economy (ii) open economy

(iii) self-reliant economy (iv) None of above

40. काफी के मूल्य में वृद्धि होने पर चाय की मांग

(i) बढ़ती हैं (ii) घटती हैं (iii) आपरिवर्तित रहती हैं (iv) इनमें से कोई नहीं

When price of coffee increase the demand for tea

(i) Increases (ii) Decreases (iii) Incheanged (iv) None of these

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

**Short Answer Taye Questions**

**प्रश्न 1. – पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की महत्पूर्ण विशेषताएँ क्या है?**

**प्रश्न 2.** – यदि वस्तु X का मूल्य (5 रू/kg) से गिरकार (4 रू/Kg) हो जाता है और कोई उपभोक्ता 'A' उसकी मांग बढ़ाकर 4 kg से 6 kg कर देता है ऐसी स्थिति में वस्तु X के लिए मांग की लोच क्या होगी?

The price of a ecommodity X falls from Rs. 5 kg to Rs. 4 kg. per kg. and quantity demanded by consumer 'A' increases from 4 kg to 6 kg. Comment on the nature of demand for Commodity 'X' in this case.

**प्रश्न 3.- अवसर लागत को परिभाषित करें।**

**Define Opportunity Cost.**

**प्रश्न 4. – संभावना वक्र से आप क्या समझते है?**

what do you mean by Production Possibility Curve?

**प्रश्न 5. – व्यष्टि अर्थशास्त्र से क्या समझते है? इसके कौन-कौन से क्षेत्र है।**

**What do you mean by micro economics. What are the scope of it?**

**प्रश्न 6. – सामान्य वस्तु एवं निकृष्ट वस्तु में अंतर करें।**

**Differentiate between superior good and inferior good.**

**प्रश्न 7. – मांग के नियम को समझाएँ इसकी क्या क्या मान्यताएँ है।**

**Define law of demand. What are its assumptions?**

**प्रश्न 8. – मांग प्रसार एवं मांग संकुचन को परिभाषित करे।**

**Define extension of demand and contraction of demand.**

**प्रश्न 9. – कीमत लोच से क्या समझाती है? ये कितने प्रकार के होते है।**

**What do you mean by Price elasticity? How many types it is.**

10.उत्पति **वृद्धि नियम या क्रमागत लागत ह्रास नियम को समझाए।**

**Define law of increasing return or law of decreasing cost, theory.**

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

प्रश्न 1.-उत्पादन फलन की धारणा की व्याख्या कीजिए।

**Explain the term production function.**

प्रश्न 2.- मौद्रिक लागत क्या है ?

**What is monetary cost.**

**Or**

प्रमुख लागत एवं पूरक लागत को स्पष्ट करें।

**Define prime cost and supplementary cost.**

प्रश्न 3. सीमांत आगम एवं औसत आगम को परिभाषित करें।

**Define Marginal Revenue and Average Revenue.**

प्रश्न 4. -राष्ट्रीय आय से आप क्या समझते है। इसकी माप की मुख्य कठिनाइयों का वर्णन करें।

**what do you understand by National Income? Discuss the difficulties of its measurement.**

प्रश्न **5.** व्यष्टि अर्थशास्त्र से क्या समझते है? इसके कौन-कौन से क्षेत्र है।

**What do you mean by micro economics. What are the scope of it?**

# SET-10

**उत्तरमाला**

**(Answers)**

1. (iv) 2. (i) 3. (ii) 4. (i) 5. (iii) 6. (i) 7. (iv) 8. (ii) 9. (ii) 10. (iii)11.(iii) 12. (i) 13. (iv) 14. (i) 15. (ii) 16. (iv) 17. (iv) 18. (iv) 19. (iv) 20. (ii) 21. (iv) 22. (iv) 23. (i) 24. (iii) 25. (ii) 26. (i) 27. (i) 28. (ii) 29. (iv) 30. (i) 31. (i) 32. (i) 33. (iv) 34. (i) 35. (i) 36. (ii) 37. (iii) 38. (ii) 39. (ii) 40.(i)

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

**Short Answer Type Questions**

**प्रश्न** 1. – **पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की महत्पूर्ण विशेषताएँ क्या है?**

What are the characterstics of capitalistic economy?

**उत्तर** – पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादन क्रिया कलाप मुख्य रूप से पूँजीवादी उद्यमियों के द्वारा किए जाते हैं। किसी विशिष्ट पूँजीवादी उद्यम में एक या अनेक उद्यमी होते है। पूँजीवादी अर्थव्यवस्था एक ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसमें अधिकांश क्रियाकलापों के निम्नलिखित अभिलक्षण होते है–

(क) उत्पादन के साधनों पर निजी होता है

(ख) बाजार में निर्गत को बेचने के लिए ही उत्पादन किया जाता है।

(ग) श्रमिकों की सेवाओं का क्रय-बिक्रय एक निश्चित कीमत पर होता है, जिसे मजदूरी की दर कहते है।

**प्रश्न** 2. – यदि वस्तु X का मूल्य (5 रू/kg) से गिरकार (4 रू/Kg) हो जाता है और कोई उपभोक्ता 'A' उसकी मांग बढ़ाकर 4 kg से 6 kg कर देता है ऐसी स्थिति में वस्तु X के लिए मांग की लोच क्या होगी?

The price of a ecommodity X falls from Rs. 5 kg to Rs. 4 kg. per kg. and quantity demanded by consumer 'A' increases from 4 kg to 6 kg. Comment on the nature of demand for Commodity 'X' in this case.

**उत्तर** – $Ed = \frac{\Delta Q}{\Delta P} \times \frac{P}{Q} = (\frac{6-4}{5-4}) \times \frac{5}{4} = \frac{2}{1} \times \frac{5}{4} = \frac{10}{4} = 2.5 \; (>1)$

यह बताता है कि मांग लोचदार है यानि इकाई से अधिक है।

**प्रश्न** 3.- **अवसर लागत को परिभाषित करें।**

**Define Opportunity Cost.**

**उत्तर** – अवसर लागत की धारणा का आधार यह है कि मनुष्य अपने असीमित इच्छाओं को सीमित साधनों से पूर्ति करके अधिकतम संतोष प्राप्त करने की चेष्टा करता है। ऐसा करने के लिए उसे अपने साधनों के वैकल्पिक प्रयोगों अर्थात् उद्देश्यों का चुनाव करना पड़ता है। जैसे, भूमि का प्रयोग – रहने के लिए मकान बनाने, उस पर फैक्टरी लगवाने, खेती करने आदि के लिए किया जा सकता है। इसी प्रकार श्रमिक अपना समय का उपयोग किसी कारखाने में काम करके या रिक्शा चलाकर कर सकता है। यदि भूमि पर मशीन लागई जाती है तो मकान बनाने या खेती करने के काम का त्याग करना पड़ेगा। इस प्रकार यदि श्रमिक रिक्शा चलाता है तो उसे कारखाने के काम का त्याग करना पड़ेगा। इस प्रकार में त्याग को ही अवसर लागत के नाम से पुकारते हैं। जब एक काम को करने के लिए दूसरे काम को छोड़ना पड़ता है तो पहले काम का (दूसरा काम) अवसर लागत होगी। उत्पादन के क्षेत्र में जब एक उत्पादन से उत्पादन के साधनों को हटा कर दूसरे उत्पादन में लगाया जाता है तो दूसरे व्यवसाय से जो आय उन्हें प्राप्त होती है वह पहले व्यवसाय की अवसर लागत होती है।

**प्रश्न** 4. –**उत्पादन संभावना वक्र से आप क्या समझते है?**

**उत्तर** – एक उत्पादन संभावना वक्र उपलब्ध संसाधनों की मात्रा तथा उपलब्ध प्रौधोगिकीय ज्ञान के द्वारा उत्पादित

की जा सकने वाली सभी वस्तुओं तथा सेवाओं के सभी संभावित संयोगों के समूह को बताता है। उपलब्ध संसाधनों की मात्रा तथा उपलब्ध प्रौधोगिकीय ज्ञान से हम एक निश्चित मात्रा तक ही उत्पादन कर सकते हैं। इस परिस्थिति में यदि हम किसी एक खास वस्तु के उत्पादन को बढ़ाना चाहते हैं तो हमें किसी दूसरे वस्तु की मात्रा घटाना पड़ता है। इसी कारण उत्पादन संभावना वक्र को हम ट्रांफॉरमेशन वक्र भी कहते है। इस वक्र की सहायता से चुनाव की समस्या या सभी प्रकार के आर्थिक समस्याओं को बताया जा सकता है।

**प्रश्न** 5. – **व्यष्टि अर्थशास्त्र से क्या समझते है? इसके कौन-कौन से क्षेत्र है।**

**What do you mean by micro economics. What are the scope of it?**

**उत्तर** –अंग्रेजी का माइक्रो शब्द ग्रीक के माइक्रोस (micros) से उत्पन्न हुआ है। व्यष्टि अर्थशास्त्र वो है जिसमें विशेष व्यक्तियों, परिवारो, उद्योगों, फर्मों, विशेष वस्तुओं के मूल्यों, श्रमिक की मजदूरी और आय आदि का अध्ययन होता है। बोल्डिंग के अनुसार "व्यष्टि अर्थशास्त्र निशेष फर्मों, विशेष वैयक्तिक मूल्यों, मजदूरियों, व्यक्तिगत उद्योगों तथा विशिष्टि वस्तुओं का अध्ययन है।"

इस प्रकार व्यष्टि अर्थशास्त्र में उपयोगिता ह्रास नियम, उपभोक्ता की बचत सिद्धांत, सम-सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम, उपभोक्ता की बचत सिद्धांत, व्यक्तिगत फर्में, निजी-उद्योग आदि शामिल होता है। यह 'मूल्य सिद्धांत' के नाम से भी जाना जाता है। दो शताब्दी तक व्यष्टि अर्थशास्त्र, अर्थशास्त्र के ध्यान का केन्द्र बना रहा।

**व्यष्टि अर्थशास्त्र के क्षेत्र**

(i) मांग का नियम

(ii) उत्पादन एवं लागत का सिद्धांत

(iii) साधन मूल्य सिद्धांत

(iv) आर्थिक कल्याण का सिद्धांत

**प्रश्न** 6. – **सामान्य वस्तु एवं निकृष्ट वस्तु में अंतर करें।**

**उत्तर** – सामान्य वस्तु वे है जिसकी मांग में आय वृद्धि के साथ वृद्धि होती है और आय में कमी के साथ मांग

में भी कमी हो जाती है। हम जो भी वस्तुएँ उपयोग करते है उनमें से अधिकतर सामान्य वस्तुएँ है। यहाँ आय एवं मांग वक्र का सीधा ढाल होता है यह उपर की तरफ उठती हुई रेखा होती है। निकृष्ट वस्तुएँ वे है जिनकी मांग आय वृद्धि के साथ कम हो जाती है और आय में कमी के साथ बढ़ जाती है। ऐसी परिस्थिति में आय एवं मांग में विपरित संबंध होता है और आय एवं मांग वक्र का ऋणात्मक ढ़ाल होता है। मोटा अनाज, मोटा कपड़ा, डालडा, बीडी आदि इसी श्रेणी में आते है।

**प्रश्न** 7. – **मांग के नियम को समझाएँ इसकी क्या क्या मान्यताएँ है।**

**Define law of demand. What are its assumptions?**

**उत्तर**– मांग का नियम यह बताता है कि यदि अन्य बातें समान रहे तो वस्तु के मूल्य में कमी से वस्तु की मांग

में वृद्धि होती है और मांग मूल्य में वृद्धि से मांग में कमी होती है। बेन्हम के अनुसार "किसी दिए हुए मूल्य पर किसी वस्तु की मांग इस वस्तु की वह मात्रा है जो उस मूल्य पर किसी विशेष समय में खरीदी जाए।"

मान्यताएँ :– उपभोक्ता की आय में कोई परिवर्तन नहीं होता।

- प्रतिस्थापन्न वस्तु के मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं होता।
- उपभोक्ता के स्वाद, स्वभाव एवं फैशन में परिवर्तन नहीं होता।
- कोई नई प्रतिस्थापन्न वस्तु नहीं हो।
- जनसंख्या में परिवर्तन नह हो।
- भविष्य में वस्तु के मूल्य में परिवर्तन की संभावना न हो।


**प्रश्न** 8. – **मांग प्रसार एवं मांग संकुचन को परिभाषित करे।**


**Define extension of demand and contraction of demand.**

**उत्तर** – **मांग प्रसार**:– यदि अन्य बाते स्थिर रहने पर वस्तु के मल्य में कमी के कारण वस्तु की मांग में वृद्धि को

मांग प्रसार कहा जाता है। इससे मांग की रेखा ऊपर से नीचे दाई ओर जाती है। मांग का प्रसार मूल्य के गिरने से संबंधित है। मांग प्रसार के समय मूल्य के अतिरिक्त और सभी निर्धारक स्थिर रहते है। **<u>उदाहरण:</u>** मान लें कि किसी वस्तु का मूल्य 10 रू० है और उसकी 20 इकाईयों की मांग होती है। यदि उस वस्तु की कीमत गिरकार 8 रू० हो जाए तो मांगी गई मात्रा 25 इकाई हो जाएगी। इसी को मांग विस्तार कहते है।

**<u>मांग संकुचन</u>** – अन्य बातें स्थिर रहने पर यदि वस्तु के मूल्य में वृद्धि के कारण उसकी मांग में कमी आ जाए तो उसे मांग संकुचन कहते है। ऐसी स्थिति में मांग की रेखा नीचे से उपर की ओर उठने लगती है। **<u>उदाहरण</u>** – मान ले कि किसी वस्तु का मूल्य 10रू० है तो उसकी 20 इकाइयों की मांग की जाती हैं यदि उस वस्तु की कीमत 10रू० से बढ़कर 12रू० हो जाए तो उसकी 15 इकाइयों की मांग की जाएगी। इसे ही हम मांग संकुचन कहते है। इन दोनों को हम रेखाकृति द्वारा भी दर्शा सकते है।




**प्रश्न** 9. – **कीमत लोच से क्या समझाती है? ये कितने प्रकार के होते है।**
**What do you mean by Price elasticity? How many types it is.**

**उत्तर – कीमत लोच** – किसी वस्तु की के मूल्य में परिवर्तन के फलस्वरूप उस की मांग में परिवर्तन को हम मांग

की कीमत लोच कहते है। इसे निम्न सूत्र द्वारा मापा जा सकता है।

$$\text{कीमत लोच (ed)} = \frac{\text{मांग की मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन}}{\text{मूल्य में प्रतिशत परिवर्तन}}$$

**कीमत लोच के प्रकार** – मूल्य में परिवर्तन के परिणामस्वरूप समस्त वस्तुओं की मांग में समान रूप से परिवर्तन नहीं होता। कभी–कभी मूल्य में थोड़ा परिवर्तन होने पर मांग में अधिक परिवर्तन हो जाता है और कभी–कभी मूल्य में अधिक परिवर्तन होने पर भी मांग पर प्राय: कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इस प्रकार किसी वस्तु की मांग में परिवर्तन मूल्य में परिवर्तन के अनुपात में नहीं हुआ करती है। सरल शब्दों में, वस्तु की मांग में परिवर्तन की गति इसके मूल्य में परिवर्तन की गति की अपेक्षा कम या अधिक हो सकती है।

वस्तुत: विभिन्न वस्तुओं की लोच अनेक प्रकार की होती है। सामान्यत: कीमत की लोच पाँच प्रकार की होती है।

(i) पूर्णतया लोचदार मांग (EP = $\propto$)

(ii) सापेक्षिक लोचदार मांग (EP< 1)

(iii) समलोचदार मांग (EP = 1)

(iv) सापेक्षिक बेलोचदार मांग (EP > 1)

(v) पूर्णतया बेलोचदार मांग (EP= 0)

10.उत्पति **वृद्धि नियम या क्रमागत लागत ह्रास नियम को समझाए।**

**Define law of increasing return or law of decreasing cost, theory.**

**उत्तर** – जब उत्पति के किसी भी साधन को बढ़ान से, उत्पादन की मात्रा में वृद्धि होती है तो उस अवस्था को कमागत उत्पति वृद्धि नियम कहते है। ऐसा इस कारण होता है कि साधनों की मात्रा बढ़ने से उत्पति का पैमाना बढ़ जाता है, और उसे बड़े पैमाने की उत्पति की सारी बचते प्राप्त हो जाती है। प्रो0 मार्शल के शब्दों में 'श्रम एवं पूँजी में वृद्धि करने से सामान्यतया अधिक अच्छी व्यवस्था हो जाती है जिसके परिणाम स्वरूप श्रम एवं पूँजी की कार्य क्षमता बढ़ जाती है।' इसी सिद्धांत का दूसरा नाम कमागत लागत ह्रास नियम है। जब उपज में अनुपात से अधिक वृद्धि होती है तो उत्पादन व्यय घट जाता है। साधन की अविभाजनीयता, उत्पति की बाह्य एवं आन्तरिक बचतों आदि के कारण उत्पादन वृद्धि नियम लागू होता है उद्योग-धंधो में यह नियम विशेष रूप से लागू होता है, क्योंकि उद्योग धंधों में विज्ञापन के प्रयोग, काम-विभाजन और बड़ी उत्पति के लिए बहुत बड़ा क्षेत्र होता है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**प्रश्न** 1.-**उत्पादन फलन की धारणा की व्याख्या कीजिए।**

**Explain the term production function.**

**उत्तर** – उत्पादन के सिद्धांत में उत्पान फलन की धारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। फर्म की वस्तुओं की उपज और उसमें

लगे उत्पादक उत्पादानों के साधनों (Inputs of productive factors) के वास्तविक संबंध को ही उत्पादन – फलन कहते है। उत्पादन फलन पड़तों एवं उत्पादन में तकनीकी संबंध बताता है कि यदि तकनीकी ज्ञान तथा प्रबंध योग्यता दी हुई है तो उत्पादन की विभिन्न पड़तों से कितना उत्पादन हो सकेगा। जैसे यदि श्रम, भूमि एवं पूँजी की मात्रा दी हुई हो तो उत्पादन कितना होगा। यह तकनीकी स्थिति के ऊपर निर्भर करता है। यदि तकनीकी ज्ञान बढ़ जाए तो उन्हीं साधनों से अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

सेम्यूलसन के अनुसार "उत्पादन फलन तकनीकी संबंध है जो यह बताता है कि उत्पति के साधनों के प्रत्येक संयोग पर कितना उत्पादन प्राप्त किया जा सकेगा। इसकी परिभाषा दिए हुए तकनीकी ज्ञान के संदर्भ में की जाती है।"

**प्रश्न 2.- मौद्रिक लागत क्या है ?**

**What is monetary cost.**

**Or**

**प्रमुख लागत एवं पूरक लागत को स्पष्ट करें।**

**Define prime cost and supplementary cost.**

**उत्तर** – उत्पादन के विभिन्न साधनों को द्रव्य के रूप में जो पुरस्कार दिया जाता है उसे मौद्रिक लागत कहते है। मौद्रिक लागत व्यय को दो भागों में विभाजित किया गया है (i) प्रमुख लागत (ii) पूरक लागत।

(i) प्रमुख लागत – प्रत्येक उत्पादन में दो प्रकार के व्यय करने पड़ते है- एक स्थाई व्यय और दूसरा अस्थाई व्यय। स्थायी व्यय के अतिरिक्त जो और व्यय करने पड़ते है जैसे कच्चा माल का मूल्य, श्रमिकों का वेतन, ईंधन एवं संचालन शक्ति पर व्यय, ये प्रमुख लागत के अंतर्गत आते है। जिस अनुपात में उत्पादन बढ़ता रहेगा, प्रमुख लागत पर व्यय उसी अनुसार में बढ़ता रहेगा। यदि वस्तु का उत्पादन कम करना है तो प्रमुख लागत पर व्यय कम हो जाएगा। यदि उत्पादन बंद हो जाए तो लागत भी बंद हो जाती है।

पूरक लागत – उत्पादन कार्य में स्थाई लागत व्यय करनी पड़ती है जिसे मुख्य लागत कहते है। इस प्रकार की लागत जब एक बार कर दी जाती है तब उसके व्यय में कोई परिवर्तन नहीं होता चाहे उत्पति की मात्रा घटा दी जाए अथवा बढ़ा दी जाए। इस प्रकार की लागत के अंतर्गत भूमि तथा मकान का लगान, मशीनों पर लागाई पूँजी, स्थाई कर्मचारियों का वेतन आदि सम्मिलित है पूरक लागत की विर्शक्ता है कि चाहे उत्पादन हो या ना हो किन्तु यह व्यय करने ही पड़ते हैं।

**प्रश्न 3. सीमांत आगम एवं औसत आगम को परिभाषित करें।**

**Define Marginal Revenue and Average Revenue.**

**उत्तर** – <u>सीमांत आगम</u> एक अतिरिक्त इकाई को बेचने से कुल आगम में जो वृद्धि होती है उसे सीमांत आय कहते है। अन्य शब्दों में, किसी वस्तु की मात्रा में एक इकाई कम या अधिक करने से कुल आय में जो वृद्धि या कमी होती है उसे सीमांत आय कहते हैं। जैसे कि 100 घड़ियाँ की बिक्री से 10,000 रूपये की कुल आय प्राप्त होती है, यदि 101 घड़ियाँ से 10,500 रूपये की कुल आय प्राप्त हो तो यहाँ 500 रू० (10,500 – 10,000 = 500) होगी। $MR = \frac{\Delta TR}{\Delta Q}$

औसत आय – बिक्री से प्राप्त कुल आगम में बेची गई मात्रा को भाग देने से औसत आगम प्राप्त होती है। इसलिए औसत आगम = <u>कुल आगम</u> $AR = \frac{TR}{Q}$

बिक्री की मात्रा

कुछ अर्थशास्त्री औसत आगम रेखा (AR) को मांग की रेखा या विक्रय रेखा (Sales curve) कहना पंसद करते है।

**प्रश्न** 4. -राष्ट्रीय आय से आप क्या समभ्कते है। इसकी माप की मुख्य कठिनाइयों का वर्णन करें।
**what do you understand by National Income? Discuss the difficulties of its measurement.**

**उत्तर** – वितरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय आय की धारणा का महत्वपूर्ण स्थान है। देश में उत्पादन के विभिन्न साधनों के सहयोग से जो राष्ट्रीय आय का उत्पादन होता है उसे किस से उन सभी साधनों के बीच वितरीत कर दिया जाता है। राष्ट्रीय आय तथा देश के आर्थिक विकास में घनिष्ट संबंध होता है। जिस देश की राष्ट्रीय आय अधिक होती है उसे विकसित कहा जाता है जबकि कम राष्ट्रीय आयवाले देशों को अर्हविकसित की श्रेणी में रखा जाता है।
मार्शल के अनुसार "किसी देश का श्रम तथा पूंजी वहाँ के प्रावृतिक साधनों पर क्रियाशील होकर प्रतिवर्ष भौतिक तथा अभौतिक वस्तुओं का शुद्ध समूह उत्पन्न करते है जिसमें सभी तरह की सेवाएँ भी शामिल रहती है। यह देश की निशुद्ध वार्षिक आय या राष्ट्रीय लाभांश है।" राष्ट्रीय आय की गणना में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है जिनमें निम्नलिखित प्रमुख है:

(i) राष्ट्रीय आय की गणना में दोहरी गणना की संभावना बनी रहती है। इस समस्या का सामना करना पड़ता है।

(ii) विश्वसनीय आंकड़ों का अभाव दूसरी महत्वपूर्ण कठिनाई है। खासकर, भारत जैसे देश में इसकी नितांत कमी है।

(iii) बहुत सी वस्तुएँ तथा सेवाएँ जिनका मुद्रा के द्वारा लेन-देन नहीं होता उनकी गणना राष्ट्रीय आय में नहीं हो पाती, क्योंकि राष्ट्रीय आय की गणक द्रव्य में की जाती है। घर की महिलाओं की सेवा या स्वयं उत्पादित वस्तुओं का घर में उपभोग ऐसे उदाहरण है जिन्हें राष्ट्रीय आय में सामान्य तथा नहीं गिना जाता। इस कारण राष्ट्रीय आय की सही गणना नहीं हो पाती।

(iv) राष्ट्रीय आय की गणना तथा तुलना में मूल्य परिवर्तनों के कारण भी कठिनाईयों होती है। मूल्य-परिवर्तनों का समयोजन करते हुए सही मूल्य निर्देशांक का प्रयोग करना पड़ेगा लेकिन, मूल्य निर्देशांक के निर्माण में अनेक कठिनाइयों होती है तथा वे पूर्णत: सहीं नहीं होते।


(v) अवविकसित देशों में राष्ट्रीय आय की गणना सही नहीं हो पाती क्योंकि अर्थव्यवस्था के एक बड़े भाग में वस्तु विनिमय प्रचलित होता है तथा वह अनुद्रीकृत होता है।

(vi) सरकार के व्यय तथा करों, के कारण भी कठिनाई होती है। साथ ही विभिन्न देशों में इनसे संबधित नीतियों में अंतर भी होता है। ये कठिनाइयाँ है फिर भी सावधानी एवं विशेष ध्यान द्वारा इन्हें बहुत हद तक कम किया जा सकता है तथा राष्ट्रीय आय की गणना की जा सकती है।

**प्रश्न** 5. – **चित्र की सहायता से कुल लागत, कुल स्थिर लागत तथा कुल परिवर्तनशील लागत को दर्शाइए।**

**Define TC, TFC and TVC with the help of digram.**

**उत्तर** – इस रेखा चित्र में OX रेखा पर उत्पादन की मात्रा तथा OY पर लागत को दर्शाया गया है TFC वक्र कुल स्थिर लागत को दर्शाता है। यह OX के समानान्तर है। इस वक्र से यह पता चलता है कि स्थिर लागतें उत्पादन के स्तर में परिवर्तन आने पर भी अपरिवर्तनशील रहती है।




शून्य उत्पादन में ये लागतों के बराबर होती है। दूसरे शब्दों में शून्य नहीं होती है। TVC वक्र कुल परिवर्तनशील लागत को दर्शाता है। यह वक्र O बिन्दु से आरम्भ होता हुआ बाएँ से दायें ऊपर की ओर उठता है। इससे पता चलता है कि उत्पादन के शून्य स्तर पर परिवर्तशील लागतें शून्य होती है और उत्पादन के स्तर के बढ़ने के साथ ये बढ़ती हैं। आरम्भ में ये लागतें घटती हुई दर से बढ़ती हैं, परन्तु एक सीमा के पश्चात् ये बढ़ती दर से बढ़ती हैं। TC वक्र कुल लागत को दर्शाता है। यह वक्र स्थिर लागत तथा कुल परिवर्तनशील लागत घटती–बढ़ती लागतों के जोड़ को प्रकट करता है। यह वक्र मूल बिन्दु से उठता है। इससे पता चलता है कि शून्य उत्पादन के स्तर पर कुल लागत शून्य नहीं होती। शून्य उत्पादन की स्थिति में यह स्थिर लागतों के बराबर होता है। TC वक्र TVC वक्र के समानान्तर अर्थात् समान दूरी पर होता है। यह वक्र हमेशा TVC के ऊपर रहता है।